**सुविचार**
संसार का सबसे सुरक्षित बीमा है परमात्मा पर भरोसा बस याद रखें और अच्छे कर्मों की किश्त समय से भरते रहें।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi



कंगना रनौत के हाथ लगा बड़ा प्रोजेक्ट। 08

Ranchi ● Thursday, 29 June 2023 ● Year : 01 ● Issue : 163 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 62,917.63 |
| निफ्टी | : | 18,688.10 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,625 |
| चांदी | : | 77.05 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### बिहार के राज्यपाल से नीतीश ने की मुलाकात, बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी

**PATNA :** बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 27 जून को मुलाकात की थी. इस मुलाकात के बाद से ही बिहार में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी हुई है. बता दें कि कुछ दिनों पहले जीतन राम मांझी ने राज्यपाल से मुलाकात की थी. पूर्व मुख्यमंत्री ने करीब आधे घंटे तक राज्यपाल से बातचीत की थी. अब नीतीश कुमार ने राज्यपाल से मुलाकात की जिसके बाद से ही बिहार की राजनीति में तरह -तरह की चर्चा हो रही है. कहा ये भी जा रहा कि नीतीश कुमार जल्द ही मंत्रिपरिषद का विस्तार करेंगे। वहीं नीतीश कुमार की इस मुलाकात को मानसून सत्र से जोड़कर भी देखा जा रहा. सूत्रों के मुताबिक 10 जुलाई को बिहार विधान मंडल का मानसून सत्र शुरू होगा. जिसे 5 दिनों तक चलाने का प्रस्ताव है. साथ ही 5 दिनों में राज्यपाल का अभिभाषण भी होगा. जिसको लेकर कहा जा रहा कि नीतीश कुमार ने इन्हीं सब मुद्दों को लेकर राज्यपाल से मुलाकात की होगी।

### मोदी सरकार ने गन्ने का न्यूनतम मूल्य बढ़ाकर 315 रुपये प्रति क्विंटल किया

**NEW DELHI :** केंद्र सरकार ने गन्ना किसानों को बड़ा गिफ्ट दिया है. केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में 2023-24 के लिए गन्ना के लिए 315 रुपये प्रति क्विंटल का रेट तय किया है. सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार शाम यह जानकारी देते हुए कहा, सरकार ने 2023-24 सत्र के लिये गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 10 रुपये बढ़ाकर 315 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया. बताते चलें कि एफआरपी वह न्यूनतम मूल्य है जिसे चीनी मिलों को गन्ना किसानों को देना होता है. गन्ना सत्र अक्टूबर से शुरू होता है. केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने गन्ने का न्यूनतम मूल्य बढ़ाने का फैसला किया. सत्र 2023-24 के लिये गन्ने का एफआरपी 315 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है. पिछले सत्र में गन्ने का न्यूनतम मूल्य 305 रुपये प्रति क्विंटल था. केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा अन्नदाता के साथ हैं. उन्होंने कहा कि सरकार हमेशा कृषि और किसानों को प्राथमिकता देती रही है. अनुराग ठाकुर ने कहा कि गन्ने का न्यूनतम मूल्य 2014-15 में 210 रुपये प्रति क्विंटल था।



**धुर्वा जगरनाथ मंदिर में उमड़ी भीड़**

राजधानी के धुर्वा स्थित जगरनाथ मंदिर परिसर में चल रहे मेले में खूब भीड़ उमड़ रही हैं। प्रभु जगरनाथ इन दिनों मौसी बाड़ी में हैं। बुधवार को यहां गुड़िचा भोग अनुष्ठान का आयोजन किया गय। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरूवार को घूरती रथ यात्रा के साथ प्रभु जगरनाथ अपने धाम को लौट जायेंगे। इसके साथ ही रथयात्रा अनुष्ठान का समापन हो जायेगा। ● फोटोन न्यूज

# पश्चिमी सिंहभूम जिले के कई इलाके नक्सलियों के प्रभाव से किये गये मुक्त

## गांव के मुंडा के घर से विस्फोटक व सामान बरामद

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** एक करोड़ के ईनामी मिसिर बेसरा को पकड़ने के लिए पुलिस और सुरक्षा बलों के संयुक्त आपरेशन की वजह से पश्चिमी सिंहभूम जिले के घोर नक्सल प्रभावित कहे जाने वाले तुम्बाहाका, सरजोमबुरू, चिड़ियाबेड़ा, मारादिरी, लोवाबेड़ा और बमाईबुरू गांव पर नक्सलियों का प्रभाव अब नहीं रह गया है। सुरक्षाबल ने इन गांवों के संपर्क मार्ग को आइईडी और स्पाईक होल से मुक्त कर दिया है। साथ ही साथ आम जनता में सुरक्षा की भावना जगाने तथा माओवादियों को दूर रखने





के लिए तुम्बाहाका गांव में एक अस्थाई कैंप स्थापित किया गया है। यह जानकारी बुधवार को पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने चाईबासा में मीडिया से साझा की। उन्होंने बताया कि इस संयुक्त अभियान के दौरान प्रतिबंधित भाकपा माओवादी के मुख्यालय के तौर पर कुख्यात ग्राम सरजोमबुरू में सुरक्षा बलों के द्वारा सर्च अभियान के दौरान सरजोमवुरू गांव के मुंडा मंगता देवगम के घर से भारी मात्रा में आइईडी और स्पाईक होल, आइईडी बनाने का समान, नक्सल वर्दी, डायरी इत्यादि बरामद की गयी। हालांकि इस कार्रवाई के दौरान मुंडा गांव से भागने में सफल रहा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि संचालित अभियान के दौरान अभी तक कुल 193 आइईडी और 66 स्पाईक होल सुरक्षा बलों द्वारा बरामद कर विनिष्ट किये गये हैं। क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभी भी अभियान जारी है।

# दवा दुकान खोलने को अब फार्मासिस्ट होना जरूरी नहीं

## मुख्यमंत्री ने किया बड़ा एलान, 500 विद्यार्थियों को दिए नियुक्ति पत्र

**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित आईटीआई कौशल विकास कॉलेज व नर्सिंग एवं कल्याण गुरुकुल के लगभग 500 विद्यार्थियों को विभिन्न संस्थाओं और संस्थानों के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान सौंपा। नगरा टोली स्थित आईटीआई कौशल कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि अब पढ़े-लिखे युवा आसानी से दवा दुकान खोल सकेंगे. इसके लिए उनका फर्मासिस्ट होना जरूरी नहीं है. यह उस समय की नीति और कानून है, जब हमारे पूर्वज जड़ी-बुटी से दवा बनाते थे. आज जरूरत है कि राज्य में दवा की कमी दूर हो और सस्ती दरों पर दवा मिल सके.

**हम युवाओं को प्रशिक्षित करेंगे**

उन्होंने घोषणा की कि राज्य में बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने, जलने की शिकायतें आती रहती हैं. इसके लिए बहुत हो-हंगाम होता है. इसलिए सरकार ने यह तय किया है



नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में शामिल अभ्यर्थी। ● द फोटोन न्यूज

कि हम युवाओं को प्रशिक्षित करेंगे और अन्य मरम्मत दुकानों की तरह इसे भी गांव-गांव और मुहल्ले में खोला जाएगा. इससे युवाओं को रोजगार भी मिलेगा और खराब ट्रांसफार्मरों की कमी भी दूर की जा सकेगी. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अब लड़के भी नर्सिंग का कोर्स कर सकेंगे, ताकि स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाया जा सके. आज तकनीकी का जमाना है. अब हर चीज मशीन और तकनीक से हो रहा है. हमारे राज्य के राज मिस्त्री भी तकनीक का सहारा लेकर इसका काम करें, इसके लिए भी हमारी सरकार प्रशिक्षित करेगी. उन्होंने कहा कि रांची में 300 करोड़ रुपये की लागत से कौशल विकास कॉलेज खोला जाएगा. इसमें युवाओं को विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा.

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की गिनती देश के पिछड़े राज्यों में होती है. ऐसे में गरीबी और पिछड़ेपन से राज्य को कैसे निकालें, इस दिशा में तेजी के साथ कार्य कर रहे हैं. उन्होंने यह भी कहा कि यहां की 80 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है. इन्हें जीविका के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है. इसी बात को रख ध्यान में रखकर सरकार राज्य में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है, ताकि ग्रामीण युवाओं को रोजगार स्वरोजगार से जोड़कर उनकी आय बढ़ा सकें. मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर आमदनी और बेहतर भविष्य के लिए युवाओं का पलायन होता है, तो इसमें कोई बुराई नहीं है. जब युवा आगे बढ़ेंगे, अपने कार्यों को बेहतर तरीके से संपादित करेंगे, तो निश्चित तौर पर राज्य की अर्थव्यवस्था का पहिया भी घूमेगा. सभी के सहयोग से सशक्त और विकसित झारखंड बनाएंगे.

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती विशेषकर आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ा, किसान, मजदूर, महिलाएं, युवा और बुजुर्गों के लिए सरकार ने जो योजनाएं बनाई हैं, उसके बेहतर और सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं. इसमें जिन सहयोगियों को सरकार के साथ जोड़ा गया, उन्होंने भी पूरा सहयोग किया है. एक बेहतर टीम से बेहतर राज्य बनाने का संकल्प पूरा कर रहे हैं।

### नाबालिग को एसिड पिलाए जाने के मामले की हाई कोर्ट में सुनवाई, सरकार ने मांगा समय

**RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में बुधवार को हजारीबाग में दिसंबर 2019 में एक नाबालिग को उसके परिचित द्वारा एसिड पिलाए जाने के मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर सुनवाई हुई। खंडपीठ के समक्ष राज्य सरकार ने मामले के अनुसंधान से संबंधित अपटूडेट जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समय की मांग की। कोर्ट ने सरकार के आग्रह को मंजूर करते हुए मामले की सुनवाई 12 जुलाई निर्धारित की। सुनवाई के दौरान मामले के अनुसंधानकर्ता कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए। मामले की सुनवाई वर्चुअल मोड में हुई। पूर्व में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि पिछले आदेश के आलोक में पीड़ित का इलाज रिम्स में हो रहा है या नहीं। कोर्ट ने मामले में हजारीबाग डीसी को निर्देश दिया था कि वह पीड़ित के आगे का ट्रीटमेंट रिम्स, रांची में कराएं। उसके इलाज का खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। कोर्ट में एमिकस क्यूरी अपराजिता भारद्वाज ने पक्ष रखा। सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने पैरवी की। वर्ष 2019 में हजारीबाग में एक 13 साल की बच्ची जब वह स्कूल से लौट रही थी तो उसके परिचित ने जबरदस्ती उसे एसिड पिला दिया था, जिससे उसकी हालत काफी बिगड़ गई थी।

# भीम आर्मी के चीफ चंद्रशेखर पर हमला

## कार में मारी गयी गोली, कमर में लगे छर्रे

**PHOTON NEWS LUCKNOW :** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर अपराधियों ने कानून व्यवस्था को चुनौती दी है। देवबंद में भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर पर जानलेवा हमला हुआ है। गोली उनकी कमर में लगी है। घायल अवस्था में चंद्रशेखर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि हमला उस वक्त हुआ, जब भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर अपनी कार से किसी कार्यक्रम में हिस्सा लेने जा रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने उसकी कार पर फायरिंग कर दी। एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि चंद्रशेखर आजाद देवबंद की गांधी कॉलोनी में किसी से मिलने गए थे। वहां से निकलते समय दो युवकों ने उन पर फायरिंग कर दी। गोली के छर्रे लगने से वह जख्मी हो गए। हमलावर एक कार में सवार होकर फरार हो गए। उपचार के लिए उन्हें देवबंद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस हमलावरों की तलाश में लगी है।

चंद्रशेखर पर हुए जानलेवा हमले से समर्थकों में भारी नाराजगी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद हजारों की संख्या में समर्थक अस्पताल पहुंच गये हैं। हमलावारों पर कार्रवाई की मांग की जा रही है। कहा जा रहा है कि चंद्रशेखर की हत्या की साजिश रची गयी थी। पुलिस प्रशासन की ओर से भीम आर्मी चीफ को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया नहीं करायी गयी थी। इस बीच घटना के कारण कानून व्यवस्था के समक्ष पैदा होने वाले संभावित संकट को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड़ पर आ गया है। घटनास्थल सहित आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। पुलिस ने पूरे मामले की जांच के लिए टीम का गठन कर दिया है।

भीम आर्मी एक बहुजन संगठन है। जिसे भारत एकता मिशन भी कहा जाता है। यह दलीत चिंतक सतीश कुमार के दिमाग की उपज है। इसे 2014 में चंद्रशेखर आजाद उर्फ रावण और विनय रतन आर्य ने हाशिए वाले वर्गों के विकास के लिए स्थापित किया। संगठन के चीफ चंद्रशेखर का जन्म सहारनपुर में चटमलपुर के पास धडकूली गांव में हुआ था। चंद्रशेखर ने जिले के स्थानीय कॉलेज से कानून की पढ़ाई की।

# सरयू के खिलाफ मानहानि केस खारिज

## बन्ना गुप्ता ने एमपी-एमएलए कोर्ट में किया था केस

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** विधायक सरयू राय को बड़ी राहत मिली है। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा सरयू राय के खिलाफ दायर केस को एमपी एमएलए कोर्ट ने खारिज कर दिया है। बुधवार को चाईबासा स्थित स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई करते हुए अपना पैसला सुनाया और कहा है कि सारे तथ्यों को देखने के बाद कोर्ट ने यह फैसला किया है कि भारतीय दंड विधान (आइपीसी) की धारा 499/500 और अंडर सेक्शन 66 आइटी एक्ट का केस सरयू राय के खिलाफ नहीं चलाया जा सकता है। अतः इस केस को खारिज किया जाता है। कोर्ट के फैसले के बाद विधायक सरयू राय व उनके समर्थकों ने राहत की सांस ली है। साथ ही इसे न्याय की जीत बताया है।

विदित हो कि झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने पिछले दिनों पश्चिम सिंहभूम के चाईबासा स्थित एमपी-एमएलए न्यायालय में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के खिलाफ मानहानि का केस दायर किया था। सरयू राय ने बन्ना गुप्ता पर यह आरोप लगाया था कि मंत्री प्रतिबंधित पिस्तौल रखते है और इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। इस आरोप को झूठा बताते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता ने विधायक सरयू राय के खिलाफ केस दायर किया था, जिसमें यह कहा गया था कि बिना किसी प्रमाण के विधायक सरयू राय ने मेरी छवि को खराब किया है और उनके चरित्र का हनन कर मानहानि हनन कर उन्हें समाज में बदनाम किया है।





**जमकर हुई बकरों की खरीदारी**

बकरीद का त्योहार गुरूवार को धुमधाम से मनाया जायेगा। बुधवार को लोगों ने कुर्बानी के लिए बकरों की जमकर खरीदारी की। बाजार में तरह-तरह के बकरों की खरीद-बिक्री हुई। ● फोटोन न्यूज

### तेजस्वी यादव के खिलाफ अब 6 जुलाई को होगी सुनवाई

**PATNA :** बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को लेकर मानहानि केस में आज अहमदाबाद की कोर्ट में सुनवाई हुई. कोर्ट ने अब इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 6 जुलाई की तारीख तय की है. पिछली सुनवाई के दौरान गवाहों के बयान दर्ज किए गए थे. बता दें कि तेजस्वी यादव ने मेहुल चौकसी पर बोलते हुए गुजरात के लोगों का अपमान किया था. साथ ही कहा था कि गुजराती ठग होते हैं. जिसके बाद अहमदाबाद के सामाजिक कार्यकर्ता हरेश मेहता ने इसी बयान के आधार पर 26 अप्रैल को मानहानि का केस दाखिल किया था।

## समान नागरिक संहिता के लागू होने पर होंगे कई तरह के बदलाव

# कॉमन सिविल कोड पर समर्थन व विरोध जारी

**PHOTON NEWS NEW DELHI :** कॉमन सिविल कोड यानी समान नागरिक संहिता एक बार फिर चर्चा में है, वजह है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंगलवार को भोपाल में समान नागरिक संहिता की वकालत करना. पीएम मोदी ने कहा कि दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चलेगा? जबकि संविधान में सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार का उल्लेख है.

पीएम मोदी के इस बयान के बाद विपक्ष हमलावर है और खुद को मुसलमानों का हितैषी बताने वाले ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि



समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की वकालत करके पीएम मोदी मुस्लिमों को निशाना बनाना चाहते हैं और वे यह चाहते हैं कि देश में हिंदू नागरिक संहिता लागू हो. ओवैसी ने कहा कि पीएम मोदी और उनकी सरकार देश में कॉमन सिविल कोड लाकर देश के बहुलवाद और विविधता को छीन लेंगे.इस स्थिति में पहला सवाल यह है कि आखिर कॉमन सिविल कोड में ऐसी क्या बात है कि विपक्ष पीएम मोदी पर हमलावर है और दूसरा कि संविधान में इसे लेकर क्या बात कही गयी है?

समान नागरिक संहिता का अर्थ है देश के सभी वर्गों के साथ, चाहे उनका धर्म कुछ भी हो, राष्ट्रीय नागरिक संहिता के अनुसार समान व्यवहार किया जायेगा और यह सभी पर समान रूप से लागू होगा. समान नागरिक संहिता की सोच एक देश एक नियम के अनुरूप है, जिसे सभी धार्मिक समुदायों पर लागू किया जाना है. समान नागरिक संहिता शब्द का उल्लेख भारतीय संविधान के भाग 4, अनुच्छेद 44 में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है. यह अनुच्छेद कहता है कि राज्य यानी कि देश पूरे भारत में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा.

संविधान में समान नागरिक संहिता का उल्लेख तो किया गया है लेकिन इसका कोई मसौदा तैयार नहीं किया गया है. अब अगर इसकी प्रक्रिया शुरू होती है तो यह समझने वाली बात है कि इसके तहत विवाह, तलाक, रखरखाव, विरासत, गोद लेने और संपत्ति के उत्तराधिकार जैसे मुद्दे इसके तहत शामिल होंगे. चूंकि भारत में अभी विवाह, तलाक और संपत्ति के अधिकारों में विभिन्नता है और इनमें धार्मिक कानून लागू है इसलिए इस मुद्दे को लेकर विवाद की आशंका है जो नजर भी आ रही है।

### किशनगंज में भवन निर्माण विभाग के रिश्वतखोर कार्यपालक अभियंता गिरफ्तार

**KISHANGUNJ :** बिहार में रिश्वतखोर सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं. आये दिन हो रही निगरानी की कार्रवाई के बावजूद रिश्वतखोर में न डर दिखता है और न ही लज्जा. निगरानी विभाग की टीम ने बुधवार को भवन निर्माण विभाग भवन प्रमंडल किशनगंज के सहायक अभियंता सह प्रभारी कार्यपालक अभियंता प्रवीण कुमार को 1 लाख दस हजार हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है. जिससे विभाग में हड़कंप मच गया. दरअसल निगरानी विभाग टीम ने भवन निर्माण विभाग के सहायक अभियंता सह कार्यपालक अभियंता प्रवीण कुमार ने विभाग के डाक बंगला स्थित एक कक्ष से 1.10 लाख रुपए घूस लेने के दौरान रंगेहाथ पकड़ लिया।

# ड्रोन डील में कांग्रेस को घोटाले का अंदेशा

## कीमतों को लेकर मोदी पर हमला, पारदर्शिता की मांग

**PHOTON NEWS NEW DELHI :** कांग्रेस ने करोड़ों रुपये के भारत-अमेरिका ड्रोन सौदे में पूरी पारदर्शिता की मांग की और आरोप लगाया कि 31 एमक्यू-9बी प्रीडेटर यूएवी ड्रोन ऊंची कीमत पर खरीदे जा रहे हैं. कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने आज बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है और प्रीडेटर ड्रोन सौदे पर कई संदेह उठाये जा रहे हैं.

उन्होंने कहा, मोदी सरकार राष्ट्रीय हितों को खतरे में डालने के लिए जानी जाती है और भारत के लोगों ने राफेल सौदे में भी यही देखा है, जहां मोदी सरकार ने 126 के बजाय केवल 36 राफेल जेट खरीदे. हमने यह भी देखा कि कैसे एचएएल को प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण से वंचित कर दिया गया. यह भी देखा कि रक्षा अधिग्रहण समिति और सशस्त्र बलों की व्यापक आपत्तियों के बावजूद कैसे कई एकतरफा निर्णय लिये गये. राफेल घोटाला फ्रांस में अब भी जांच के दायरे में है.

उन्होंने कहा, हम इस प्रीडेटर ड्रोन सौदे में पूरी पारदर्शिता की मांग करते हैं. भारत को महत्वपूर्ण सवालों के जवाब चाहिए. अन्यथा हम मोदी सरकार में हुए एक और घोटाले में फंस जायेंगे।

# DC की अध्यक्षता में हुई जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक, दिये कई आवश्यक निर्देश




बैठक करती उपायुक्त। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH :** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत बुधवार को उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला योजना कार्यकारिणी रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान परियोजना निदेशक आत्मा प्रवीण कुमार के द्वारा उपायुक्त एवं अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत जल संरक्षन के उद्देश्य से रामगढ़ जिले में 5 वर्षों की योजना बनाई गई है जिसमें योजना के तहत अब तक 2 वर्ष पूरे हो चुके हैं। बैठक के दौरान उन्होंने योजना के तहत दुलमी प्रखंड के लगभग 5072 हेक्टेयर भूमि पर चेक डैम निर्माण, ट्रेंच कम बंड, मेढ़बंदी, सामुदायिक एवं अन्य तालाब निर्माण, मिशन अमृत सरोवर, मनरेगा सहित अन्य योजनाओं के कन्वर्जेन्स तथा प्रशिक्षण के तहत अब तक किए गए कार्यों एवं आगे किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी जिसके उपरांत उपायुक्त ने समिति के अन्य सदस्यों के साथ विकास कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न करने व ससमय योजनाओं को पूरा कर लोगों को योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आत्मा, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जल छाजन प्रकोष्ठ सह आंकड़ा केंद्र के अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत किया गया शिविर का आयोजन

**PHOTON NEWS RAMGARH :** रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी योग्य बच्चियों/युवतियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से लाभान्वित करने के मद्देनजर उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में बुधवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, मांडू के परिसर में शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान महिला सुपरवाइजर किरण शर्मा एवं समाज कल्याण विभाग के अन्य कर्मियों द्वारा बड़ी संख्या में बच्चियों का फॉर्म भरवाया गया वही उनके द्वारा बच्चियों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं उनके लाभ के प्रति भी जागरूक किया गया।

झारखंड में मुख्यमंत्री सुकन्या योजना का नाम बदल कर सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना कर दिया गया है। इसका उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा पर जोर व बाल विवाह प्रथा का अंत, किशोरियों के स्वास्थ्य एवं वैयक्तिक स्वच्छता में सहायता करना है।

योजना के तहत छात्राओं को आर्थिक सहायता मुहैया करायी जायेगी। इसमें कक्षा 8वीं एवं नौवीं में नामांकित बालिका को 2500 रुपये, कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं में दाखिला लेने वाली बालिकाओं को 5000 रुपये तथा 18 से 19 वर्ष की आयु की बालिका को एक मुश्त अनुदान के रूप में 20,000 रुपये दिये जायेंगे।

यह सहायता मां की पहली दो बेटियों के लिए देय होगा। लाभार्थी की मां की ओर से स्व घोषणा पत्र समर्पित किया जायेगा जिसे आवेदन के साथ संलग्न करना होगा। इस योजना के तहत सरकारी, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित,एनसीएलपी के अंतर्गत संचालित तथा झारखंड सरकार द्वारा अनुदानित विद्यालयों में कक्षा 8वीं से 12वीं में अध्ययनरत सभी छात्राओं को योजना के दायरे में लाया गया है। योजना का लाभ केवल उन्हें मिलेगा, जिनके माता-पिता किसी सरकारी सेवा अथवा सार्वजनिक उपक्रम में सेवारत नहीं हैं। माता-पिता आयकर दाता नहीं हों।

## शत-प्रतिशत जन्म एवं मृत्यु निबंधन को लेकर हुआ प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन

**PHOTON NEWS RAMGARH :** बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में अपर समाहर्ता रामगढ़ श्री नेलसम एयोन बागे की अध्यक्षता में 14 जुलाई से 14 अगस्त 2023 तक चलने वाले जन्म एवं मृत्यु निबंधन अभियान को लेकर प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के दौरान श्रीमती चंचला कुमारी के द्वारा पीपीटी के माध्यम से उपस्थित सभी को जन्म एवं मृत्यु के निबंधन तथा इसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यशाला के दौरान अपर समाहर्ता रामगढ़ ने सर्वप्रथम सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 0 से 5 वर्ष तक के अपंजीकृत बच्चों का सर्वेक्षण कर उनकी सूची तैयार करने का निर्देश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया। वहीं उन्होंने प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष अभियान के दौरान होने वाले निबंधन से संबंधित प्रतिवेदन जिला सांख्यकी पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक को विद्यालय स्तर पर 5 वर्ष से अधिक आयु के बच्चे जिनका जन्म प्रमाण पत्र निर्गत ना होगा उसकी सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

कार्यशाला के दौरान अपर समाहर्ता रामगढ़ ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को लंबित जन्म-मृत्यु निबंधन को यथाशीघ्र पूर्ण कर जल्द से जल्द शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने प्रत्येक सप्ताह जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। वहीं उन्होंने जन्म मृत्यु निबंधन के महत्व के प्रति आमजनो को जागरूक करने के उद्देश से व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया।

कार्यशाला के दौरान जिला पंचायती राज पदाधिकारी-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी सह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड वैश्य समाज ने रिम्स निदेशक डॉ राजीव गुप्ता को किया सम्मानित, निदेशक बनने पर जताई प्रसन्नता




सम्मान समारोह में उपस्थित लोग। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH :** झारखंड सरकार द्वारा डॉ राजीव गुप्ता को रिम्स के निदेशक पद दिया गया। जिसके कारण वैश्य समाज और रामगढ़ की जनता में खुशियों की लहर है। इस उपलब्धि का कारण यह भी रहा है कि डॉ राजीव गुप्ता के द्वारा वर्षों से रामगढ़ में चिकित्सा सेवा देने के साथ-साथ रिम्स में नेत्र विभाग के प्रोफेसर के साथ-साथ अपने सुझाव और कई तरह का सेवा दे चुके हैं जो रामगढ़ कि जनता और वैश्य समाज को गौरवान्वित करता है।

डॉ राजीव गुप्ता द्वारा चिकित्सा सेवा के इसी कारणों से रामगढ़ की जनता के साथ - साथ पूरे झारखंड के दूरदराज से चिकित्सा सेवा द्वारा जुड़े होने के कारण जनता में काफी लगाव है। आरएमसीएच रिम्स के निदेशक पद पर डॉ राजीव गुप्ता सुशोभित हुए इसके लिए समस्त वैश्य समाज के द्वारा दिन मंगलवार संध्या 6:00 बजे होटल शिवम इन में स्वागत सम्मान समारोह रखा गया। जिसकी अध्यक्षता झारखंड वैश्य समाज के केंद्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता उर्फ नंदू गुप्ता के द्वारा किया गया।

झारखंड वैश्य समाज ने डॉ राजीव गुप्ता और उनकी पत्नी डॉक्टर महालक्ष्मी को शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता झारखंड सरकार के माननीय पूर्व मंत्री श्री योगेंद्र साव उपस्थित थे।

इस अवसर पर झारखंड वैश्य समाज के मुख्य संस्थापक सह युवा नेता राजीव जयसवाल ने स्वागत भाषण देते हुए कहां की डॉ राजीव गुप्ता राज्य में झारखंड का सबसे बड़े अस्पताल निदेशक बनना झारखंड प्रदेश एवं रामगढ़ जिला के साथ-साथ वैश्य समाज के लिए गौरव का विषय है। आधुनिकता के दौर में वैश्य समाज हर क्षेत्र में कदम से कदम मिलाकर सेवा देने का काम कर रहा है जो समाज को संगठित और सशक्त बनाता है। पूरा वैश्य समाज एक परिवार है इसी सोच और विचारधारा के साथ हमें हर क्षेत्र में सेवा देने का कार्य करने की आवश्यकता है।

झारखंड वैश्य समाज डॉ राजीव गुप्ता के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। रिम्स के निदेशक डॉ राजीव गुप्ता ने कहा कि झारखंड वैश्य समाज ने वैश्य समाज की ओर से एवं समस्त रामगढ़ की जनता की ओर से आज मुझे सम्मानित करने का कार्य किया है इससे हमारा मनोबल और समाज के वर्गों का मनोबल कार्यक्षेत्र में दुगना हो जाता है एवं कार्य करने की बेहतर प्रेरणा मिलती है। मैं अपने कार्यकाल में रिम्स को बेहतर सेवा देने का कार्य करूंगा साथ ही साथ सेवा के क्षेत्र में रिम्स को अव्वल बनाने का भरपूर कोशिश करूंगा और झारखंड सरकार ने जो मुझे जिम्मेवारी सौंपी है उस पर इमानदारी के साथ कार्य करने पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा।

मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने कहा कि हमारा वैश्य समाज जाग चुका है इसे और ऊपर लाने की आवश्यकता है इस तरह के कार्यक्रम से आपस में एक दूसरे से मिलने जानने की प्रेरणा मिलती है। समाज हर क्षेत्र में हर वर्गों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर एक साथ चल रहा है जो गौरव का विषय है और बेहतर कार्य कर रही है। केंद्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज के द्वारा समाज सेवा का कार्य हर क्षेत्र में अव्वल रूप से किया जा रहा है और आगे भी निरंतर जारी रहेगा। इस कार्यक्रम के संचालन विजय जयसवाल एवं संजय शाहा ने किया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में वैश्य समाज के गणमान्य लोग उपस्थित हुए। जिसमें राधा गोविंद यूनिवर्सिटी के

## एस्पायर कोचिंग सेंटर के दो छात्रों का बीएसएफ में हुआ चयन, दी गई बधाई

### लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी की जाए तो सफलता जरूर मिलती है: रत्नेश कुमार




दोनो सफल छात्रों को सम्मानित करते संस्था के निदेशक व शिक्षकगण। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH :** रिवर साइड और पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एस्पायर कोचिंग सेंटर के दो छात्रों ने बीएसएफ कांस्टेबल ट्रेडमैन 2022 द्वारा अयोजित परीक्षा में सफलता का परचम लहराकर अपने माता पिता, संस्थान और क्षेत्र का नाम रौशन किया है। छात्रों की सफलता पर बुधवार को संस्थान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यहां संस्था के निर्देशक रत्नेश कुमार ने दोनो विद्यार्थी को उपहार देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना कि।

मौके पर निर्देशक रत्नेश कुमार ने बताया कि चिकोर निवासी रामचन्द्र बेदिया के पुत्र शक्ति बेदिया का बीएसएफ पंजाब में ट्रेडमैन पद पर चयन हुआ है। जबकि सांकी निवासी मोहन बेदिया के पुत्र सुनील बेदिया का बीएसएफ गुजरात में ट्रेडमैन पद पर अंतिम रूप से चयन हुआ है। निर्देशक श्री कुमार ने कहा की परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है, निरंतर परिश्रम से ही सफलता मिलती है। उन्होंने कहा की छात्र-छात्राओं की सफलता ही एस्पायर कोचिंग की पहचान है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी की जाए तो सफलता जरूर मिलती है। बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए संस्था परिवार हर सार्थक कदम उठाता रहेगा। इधर दोनों चयनित छात्रों ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, कोचिंग के अनुभवी शिक्षकों की टीम, स्टडी मटेरियल और वीकली टेस्ट को दी है।

छात्रों की सफलता पर रत्नेश कुमार सहित शिक्षक नितेश सिंह, राकेश सिंह, प्रमोद कुमार वर्मा, संजीत कुमार, अभिषेक मिश्रा, सचिन कुमार, रजत मंडल, विक्रांत राज, अमित कुमार, राहुल कुमार, रोहित कुमार, जयंत, सुमित, रौशन, शुभम, अतुल, ब्रजेश, नीरज, सहित दर्जनों विद्यार्थियों व कोयलांचल वाशियो ने हर्ष वयक्त करते हुए बधाई दी है।

## सामाजिक कुरीति निवारण योजना अंतर्गत कार्यशाला का हुआ आयोजन

**PHOTON NEWS RAMGARH :** सामाजिक कुरीति निवारण योजना के तहत मंगलवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत चितरपुर प्रखंड के पंचायत भवन, चितरपुर उत्तरी में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यशाला में उपस्थित ग्रामीणों व अन्य को सामाजिक कुरीतियों जैसे डायन प्रथा एवं इसके रोकथाम हेतु डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 के संबंध में विस्तार से जानकारी देने के क्रम में उन्हें जागरूक किया गया वही कार्यशाला के दौरान ग्रामीणों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत बच्चियों को मिलने वाले लाभ, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देने के क्रम में ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया है।

डायन की पहचान यदि कोई भी व्यक्ति - जो किसी अन्य व्यक्ति को 'डायन' के रूप में पहचान करता हो और उस पहचान के प्रति अपने किसी भी कार्य, शब्द या रीति से कोई कारवाई करे, तो इसके लिए उसे अधिकतम तीन महीने तक कारावास की सजा अथवा एक हजार रुपये जुमार्नें की सजा अथवा दोनों से दंडित किया जायेगा।

प्रताड़ित करने का हजार्ना- यदि कोई भी व्यक्ति जो किसी औरत को डायन के रूप में पहचान कर उसे शारीरिक या मानसिक यातना जानबूझ कर या अन्यथा प्रताड़ित करता है, तो उसे छः माह की अवधि के लिए कारावास या सजा अथवा दो हजार रुपए तक जुमार्नें अथवा दोनों सजा से दंडित किया जायेगा।

## BACK TO SCHOOL CAMPAIGN विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

# अनामांकित बच्चों का स्कूल में कराएं नामांकन: सुधीर मंगलेश




कार्यशाला में उपस्थित सुधीर मंगलेश व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH :** दुलमी प्रखंड सभागार में समग्र शिक्षा अभियान के तहत स्कूल रुआर 2023 बैक टू स्कूल कैंपेन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश प्रमुख रेणु देवी उपप्रमुख धर्मधीर महतो बीईओ प्रभाकर कुमार शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी मिथलेश कुमार कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि आसपास के क्षेत्रों में 6 से 14 वर्ष के वैसे बच्चें जो शिक्षा से वंचित हैं। उन्हें घर घर जाकर स्कूल में नामांकन दाखिल करवाना है। जिससे वे भी पढ़ लिखकर समाज में अपना स्थान बना सके। साथ ही वे भी प्रतियोगिता की परीक्षा में भाग लेकर देश व राज्य के ऊंचे पदों पर आसीन हो सकते हैं। शिक्षा का अधिकार हर बच्चे को है इसलिए हम सभी जनप्रतिनिधि समाजसेवी अभिभावक सहित सभी का दायित्व है और बढ़ जाता है कि हर बच्चे को स्कूल तक जोड़ें ताकि एक सशक्त समाज का निर्माण हम में हम सभी सभा के बन सके क्योंकि समाज शिक्षित होगा तो आने वाला पीलिया का भविष्य उज्जवल होगा।

मौके पर मुखिया उर्मिला देवी प्रमेश्वर पटेल रंजू देवी चुडरी देवी रविन्द्र कुमार अमरुन निवासी शेख बहादुर शिक्षक मो एसदुल्ला व सौकडों शिक्षक मौजूद थे।

## BRIEF NEWS

### बकरीद पर्व को लेकर भुरकुंडा ओपी में शांति समिति की हुई बैठक

**RAMGARH :** बकरीद पर्व को ले बुधवार को भुरकुंडा ओपी में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में ओपी प्रभारी अमित कुमार ने लोगो को बकरीद पर्व आपसी भाईचारगी और सौहार्द पुर्ण वातावरण में मनाने की बात कही। उन्होने कहा कि बकरीद पर्व को लेकर सोशल मीडिया में कोई आपतिजनक पोस्ट नही डाले। सोशल मीडिया मे भडकाउ पोस्ट किया जाता है तो पुलिस कानुनी कार्रवाई करेगी। साथ ही उन्होने प्रतिबंधित मांस का उपयोग नही करने की बात कही। उन्होने कहा की पर्व को लेकर पुलिस पुरी तरह मुस्तैद रहेगी। मौके पर भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान, सुंदरनगर व्यास पांडेय, डब्लू पांडेय, संजय मिश्रा, नईम खान, मो अनवर, मो जियाउल अंसारी, डब्लू सिंह, रविंद्र पासवान, अमीरुदीन, फिरदौस अंसारी, सरफुदिन, शमसुल खान, मुमताज अंसारी, सरफराज, भुरकुंडा ओपी के एसआई अक्षय कुमार, मयंक प्रसाद, रामप्रवेश शर्मा, परमानंद प्रसाद, सअनि विरेंद्र ओझा सहित अन्य मौजुद थे।

### युवा जनता दल यूनाइटेड के जिलाध्यक्ष भूषण उरांव ने गेगदा शिव मंदिर का कराया जीर्णोद्धार

**RAMGARH :** युवा जनता दल युनाईटेड के रामगढ जिलाध्यक्ष भुषण उरांव ने बुधवार को ग्रामीणो के सहयोग से गेगदा शिव मंदिर का जिणोर्धार कराया। मौके भुषण उरांव ने बताया कि गेगदा शिव मंदिर दिन प्रतिदिन काफी जर्जर होते जा रहा था। बरसात के दिनो में शिव मंदिर मे पुजा अर्चना के लिये आने वाले श्रद्धालु महिला पुरूषो को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा था। उन्होंने कहा कि यह शिव मंदिर भक्तों के लिए अटूट आस्था का केंद्र है, जिसे देखते हुए मंदिर का जीणोर्धार जरूरी था। मौके पर सीताराम महतो, सुभाष उरांव, रामेश्वर गोप, भीम यादव, उमेश महतो, अनिता देवी, मनी पांडेय, अशोक यादव, राहुल यादव, डोमन यादव, सुकर कुजूर, जटलु उरांव, अनिता देवी, जलेश्वर महतो, बासदेव उरांव, तेतर उरांव, सुशांत उरांव, गांगी देवी, संजय यादव, सुनिता देवी, अनामिका देवी सहित अन्य लोगो ने सहयोग किया।

### आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र खोलने को लेकर उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

**RAMGARH :** रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड में आवासीय फुटबाल प्रशिक्षण केंद्र खोलने के मद्देनजर बुधवार को उप विकास आयुक्त श्री रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला खेल पदाधिकारी श्रीमती रूपा रानी तिर्की ने उप विकास आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी की प्राप्त निर्देश के आलोक में रामगढ़ जिले के पतरातू क्षेत्र में लगभग 25 खिलाड़ियों के लिए विभिन्न सुविधाओं के साथ आवासीय फुटबाल प्रशिक्षण केंद्र खोला जाना है वहीं उन्होंने इस संबंध में प्राप्त अन्य निदेर्शों की भी सभी को जानकारी दी जिसके उपरांत उप विकास आयुक्त ने जिला खेल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों के साथ आवासीय फुटबाल प्रशिक्षण केंद्र खोलने के मद्देनजर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### पीएम मोदी के 9 साल बेमिसाल रहे हैं : जयंत सिन्हा

**RAMGARH :** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज में बुधवार को पीएम मोदी के 9 साल बेमिसाल के तहत प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थानीय समिति जयंत सिन्हा मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जयंत सिन्हा, हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक, रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, डॉ. महेंद्र पांडेय, बीके सिंह, सत्येंद्र सिंह व विजय कुमार सिन्हा को अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर जयंत सिन्हा ने कहा कि मोदी सरकार के सुरक्षा, राष्ट्रीय गौरव, विकास व गरीब कल्याण के अभूतपूर्व संयोजन के 9 वर्ष रहे हैं। इन 9 वर्षों में कई विकास के कार्य हुए हैं। सांसद श्री सिंह ने सरकार के विकाश कार्यों को गिनवाते हुए कई योजनाओं और विकास के पहलुओं की बात रखी। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, स्वच्छ भारत अभियान, जल जीवन मिशन जैसी कल्याणकारी योजनाओं के जरिये गरीबों व वंचितों का उत्थान करने का काम किया जा रहा है। पूरे देश में विकाश की गति को बढ़ाने के लिए सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। 4 करोड़ पक्के घर बनवाए गए हैं। इतना ही नहीं बिजली, पानी, शौचालय, गैस चूल्हा आदि की सुविधा ने लोगों के जीवन में काफी खुशहाली लाई है। उन्होंने कहा की स्मार्ट फोन पहले विदेशों में बनता था आज हमारे देश में बनता है। विकाश के तहत 3 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन और इंफ्रास्ट्रचर का निर्माण पूरे देश के लिए गौरव की बात है। सांसद श्री सिन्हा ने कहा कि लोकतंत्र का मालिक जनता है, मैं तो सेवक हूं। पीएम मोदी के हाथों को और मजबूत करें विकास ही विकास दिखेगा। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष अखिलेश प्रसाद और धन्यवाद ज्ञापन भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा ने किया।

### बकरीद को ले भदानीनगर ओपी में शांति समिति की हुई बैठक, शांति पूर्ण माहौल में पर्व मनाने की हुई अपील

**RAMGARH :** बकरीद पर्व को ले बुधवार को भदानीनगर ओपी में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पतरातू सीओ शिवशंकर पांडेय व संचालन ओपी प्रभारी राजदीप कुमार ने किया। मौके पर सीओ शिवशंकर पांडेय ने कहा कि बकरीद पर्व शांतिपूर्ण व सौहार्द तरीके से मनाएं। उन्होंने कहा कि पर्व चाहे जिस समुदाय का हो शांति और भाईचारे के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए। पर्व के दौरान किसी भी तरह के अफवाहों से बचें। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। पुलिस जगह-जगह तैनात रहेगी ताकि पर्व में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि अगर कोई असामाजिक तत्व अफवाह फैलाता है तो थाना को तत्काल सूचना दें त्वरित कार्यवाही होगी। बैठक में क्षेत्र के दर्जनों जनप्रतिनिधि बुद्धिजीवी, समाजसेवी और आमजन मौजूद थे।

### क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने चलाया गया जांच अभियान

**RAMGARH :** क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 के तहत बुधवार को डीआरसीएचओ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, जिला आयुष पदाधिकारी डॉक्टर सुभद्रा, जिला डाटा प्रबंधक श्रीमती रश्मि आनंद सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मियों के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न अस्पतालों, नर्सिंग होम आदि की जांच की। मौके पर उनके द्वारा संस्थान के निबंधन, साफ सफाई, कर्मियों को न्यूनतम मानदेय एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में किसी संस्थान को संचालित करने हेतु विभिन्न नियमों व दिशा निदेर्शों का जायजा लिया गया।

### मुख्य मंदिर लौटे भगवान, घुरती रथयात्रा संपन्न

**RAMGARH :** कैथा में आयोजित घूरती रथ यात्रा के पूर्ण होते ही भक्ति पूर्ण माहौल में विधिपूर्वक रथयात्रा संपन्न हुआ।इस अवसर पर मुख्य पूजारी बी.एन चटर्जी ने कहा कि विधि अनुसार भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र आठ दिनों तक मौसीबाड़ी से विश्राम कर नाववें दिन मुख्य मंदिर में लौटते हैं जहां भगवान का पूजन का कर उन्हें सिंहासन पर भक्तों के द्वारा विराजमान कराया जाता है। वहीं आयोजन समिति अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद देवधारी महतो ने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग से रथयात्रा का समापन हुआ। रथयात्रा महोत्सव में हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और भगवान के दर्शन पूजन किया। आयोजन समिति सचिव राजेश महतो ने कहा कि रथयात्रा का आयोजन पूरे उत्साह के साथ संपन्न हुआ।कैथा रथयात्रा रामगढ़ जिले का विख्यात धार्मिक आयोजन में से एक है।

## BRIEF NEWS

### दो नाबालिगों को बेचने के आरोपी पति-पत्नी राउरकेला स्टेशन से गिरफ्तार

**RANCHI :** गुमला पुलिस ने राउरकेला आरपीएफ की मदद से दो नाबालिग लड़कियों को जम्मू कश्मीर में बेचने के आरोप में पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है. आरोपी साबिर अंसारी पिता मुस्तकीम अंसारी और उसकी पत्नी मुन्नी खातून सिमडेगा जिले के कोचेडेगा के रहनेवाले हैं. आरोपी के खिलाफ गुमला थाना के एएचटीयू (कांड संख्या-02/2022) में नामजद प्राथमिकी दर्ज थी. आरोपी को राउरकेला रेलवे स्टेशन से आरपीएफ और गुमला पुलिस ने उस वक्त गिरफ्तार किया जब पति-पत्नी दिल्ली भागने की फिराक में थे।

### झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ का प्रतिनिधिमंडल मिला मुख्य सचिव से

**RANCHI :** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष रंजीता हेंब्रम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अपनी 15 सूत्री लंबित मांगों (प्रीमियर सेवा, वेतन विसंगति, प्रोन्नति, लंबित विभागीय कार्रवाई,चाइल्ड केयर लीव एवं स्वास्थ्य बीमा इत्यादि) के समाधान के लिए बुधवार को मुख्य सचिव से मुलाकात की. मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने संघ के सभी मांगों पर बिन्दुवार गंभीरता से विचार करने के बाद उन पर यथोचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। संघ के प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष के साथ जितेंद्र कुमार देव, अनुराग कुमार तिवारी एवं अंगार नाथ स्वर्णकार शामिल थे।

### केंद्रीय मंत्री ने किया मिराई फर्टीलिटि एंड आईवीएफ सेंटर का उद्घाटन

**RANCHI :** केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी बुधवार को बरियातू स्थित मिराई फर्टीलिटी एंड आईवीएफ सेंटर का उद्घाटन किया. मौके पर महिला रोग विशेषज्ञ डॉ शोभा चक्रवर्ती के साथ पूर्व पार्टी अध्यक्ष परमा सिंह के साथ क्लीनिक संचालक डॉ सर्वजया सिंह मौजूद थीं. मौके पर राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि यह अस्पताल रांची के साथ पूरे राज्य के लोगों के लिए वरदान साबित होगा. निःसंतान दंपतियों के लिए बेहतर अस्पताल है. कम खर्च पर सुविधा मिलेगी. उन्होंने कहा कि अस्पताल में मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए बेहतर सुविधा प्रदान करें. वहीं डॉ सर्वजया सिंह ने कहा 10 सालों से अधिक वे आईवीएफ के लिए काम कर रही हैं. उन्होंने कहा कि विदेशों में पढ़ाई कर कर देश में लगी हूं. उन्होंने कहा कि यह अस्पताल सभी लोगों के लिए एक समान है. महिला रोग विशेषज्ञ डॉ शोभा चक्रवर्ती ने भी हमारा लक्ष्य लोगों को बेहतर इलाज मुहैया करना होना चाहिए. रांची में कई आईवीएफ सेंटर खुल चुके हैं. उन्होंने कहा कि आजकल शादियां बहुत लेट हो रही है।

### कांग्रेस के कुमार गौरव बने युवा आयोग के नए अध्यक्ष

**RANCHI :** झारखंड सरकार की ओर से 28 जून को झारखंड राज्य युवा आयोग का गठन किया गया. जिसमें यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुमार गौरव को युवा आयोग का नया अध्यक्ष बनाया गया. इसके साथ विशाल तिर्की और सुनील टुड्डू को आयोग का सदस्य बनाया गया है. आपको बता दें, कुमार गौरव लंबे समय से कांग्रेस पार्टी में है और वे इस वक्त वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव के पद पर कार्यरत है. इसके अलावे वे पार्टी के संगठनात्मक दायित्वों में गिरिडीह जिला के प्रभारी भी हैं. बता दें, कुमार गौरव कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह के बेटे है.

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24 Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

### रिटायर्ड जस्टिस की जमीन पर कब्जा की कोशिश मामले में हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

# माफियाओं का बीच शहर में जमीन पर कब्जा की कोशिश बेहद गंभीर : HIGH COURT




**SPECIAL REPORTER RANCHI :** सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस की जमीन हड़पने के लिए बाउंड्री तोड़े जाने का मामला झारखंड हाईकोर्ट तक जा पहुंचा है. हाईकोर्ट ने अखबारों में छपी खबर पर स्वतः संज्ञान लेते हुए रांची एसएसपी एवं गृह विभाग से जवाब मांगा है. अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि शहर के बीचो-बीच दिन के चकाचौंध में भू-माफियाओं का जमीन पर कब्जा करना बेहद गंभीर मामला है. जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस रत्नाकर भेंगरा के कोर्ट ने इस मामले को सुनवाई के लिए चीफ जस्टिस के कोर्ट में भेज दिया है. अदालत ने इस मामले की सुनवाई के लिए 18 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है.


**रिटायर जस्टिस स्व युसूफ इकबाल की जमीन हड़पने कोशिश की थी**

दरअसल भू माफियाओं ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जस्टिस स्वर्गीय युसूफ इकबाल की जमीन हड़पने कोशिश की थी. इसको लेकर लोअर बाजार थाना में जमीन की देखरेख के लिए प्रतिनियुक्त हवलदार जैनुल अंसारी द्वारा रविवार को मामला दर्ज कराया गया है. प्राथमिकी में कहा गया है कि रविवार की सुबह अचानक जुनेद राज पप्पू अपने साथ 20-25 अज्ञात लोगों और मजदूरों को लेकर आए और स्वर्गीय न्यायाधीश की जमीन पर बनी दीवार को तोड़ने लगे. इन लोगों ने दीवार को सामने से तोड़ दिया. इसी दौरान लोअर बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची, तो सभी लोग मौके से भाग गए. मौके पर सिर्फ मजदूर ही मौजूद थे. इन लोगों पर अवैध रूप से दीवार तोड़ कर जमीन में प्रवेश करने और धक्का-मुक्की और मारपीट का भी आरोप लगा है। जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस रत्नाकर भेंगरा के कोर्ट ने इस मामले को सुनवाई के लिए चीफ जस्टिस के कोर्ट में भेज दिया है. अदालत ने इस मामले की सुनवाई के लिए 18 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है.

### रिटर्निंग ऑफिसर को जवाब देने का अंतिम मौका

## कांके विधायक समरी लाल के खिलाफ चुनाव याचिका पर सुनवाई 7 जुलाई को

**PHOTON NEWS RANCHI :** कांके विधायक समरी लाल द्वारा वर्ष 2019 झारखंड विधानसभा चुनाव में दिए गए जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश बैठा की चुनाव याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई. मामले में कोर्ट ने प्रार्थी सुरेश बैठा की ओर से दायर हस्तक्षेप याचिका (आईए) पर रिटर्निंग ऑफिसर को जवाब के लिए अंतिम मौका दिया है. आईए दाखिल प्रार्थी की ओर से कहा गया है कि रिटर्निंग ऑफिसर आर्डर शीट का सर्टिफाइड कॉपी जो उन्हें रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से दिया गया था, वह अधूरा है. इसलिए कोर्ट का आदेश नहीं मानने को लेकर रिटर्निंग ऑफिसर के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाए. इसके अलावा आइए में प्रार्थी ने कोर्ट से रिटर्निंग ऑफिसर आर्डर शीट की संपूर्ण दस्तावेज मंगाने का आग्रह भी किया है. कोर्ट ने मामले की सुनवाई 7 जुलाई निर्धारित की. हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विभास सिन्हा ने पैरवी की. वही प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता कुमार हर्ष ने पैरवी की। बता दें कि पूर्व की सुनवाई में समरी लाल की ओर से हुई गवाही में लगभग सभी गवाहों ने कोर्ट में बताया है कि समरी लाल का परिवार आजादी के पहले से



रांची में रह रहा है, लेकिन इससे संबंधित कोई दस्तावेज उसके पास उपलब्ध नहीं है. दरअसल, वर्ष 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में कांके से भाजपा के टिकट पर समरी लाल जीते थे. सुरेश बैठा ने उनके जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए उनके निर्वाचन को रद्द करने का आग्रह कोर्ट से किया है।

## देवघर एयरपोर्ट की ऊंची बिल्डिंग को तोड़ने वाली याचिका की हाई कोर्ट में सुनवाई

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में वर्चुअल मोड में बुधवार को देवघर एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग शुरू नहीं होने तथा एयरपोर्ट के आसपास की ऊंची बिल्डिंग को तोड़ने से संबंधित सांसद निशिकांत दुबे की अवमानना याचिका पर हुई।

मामले में केंद्र सरकार के अधिवक्ता प्रशांत पल्लव से कोर्ट से समय देने का आग्रह करते हुए बताया गया कि देवघर एयरपोर्ट के आस-पास की 7 ऊंची बिल्डिंग को तोड़ने के लिए प्राइवेट पार्टी और देवघर एयरपोर्ट लिमिटेड के बीच वार्ता करने वाले मध्यस्थ की रिपोर्ट अब तक नहीं आई है। इस पर कोर्ट ने मध्यस्थ की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समय देते हुए मामले की सुनवाई 26 जुलाई निर्धारित की। कोर्ट ने मामले में एक मध्यस्थ नियुक्त करने को कहा था। यह मध्यस्थ प्राइवेट पार्टी जिनका मकान टूटना है और देवघर एयरपोर्ट लिमिटेड के बीच वार्ता करेगा। मकान मालिकों को कितना मुआवजा मिलेगा और कब तक उनका मकानों को तोड़ा जाना है आदि विषयों पर दोनों पक्षों से बातचीत कर मध्यस्थ अपनी रिपोर्ट कोर्ट को रिपोर्ट देगा। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने देवघर एयरपोर्ट लिमिटेड को निर्देश दिया था कि वह डीसी देवघर को पत्र लिखकर जिनके मकान टूटेंगे उनके लॉस का एसेसमेंट करने के लिए एक सर्वेयर की नियुक्ति के लिए अनुरोध करें। सर्वेयर अपना रिपोर्ट मध्यस्थ को सौंपेगा।

### बीजेपी पर जेएमएम का तंज, कहा-

## सीपी सिंह सबसे अनुभवी फिर बीजेपी उन्हें नेता प्रतिपक्ष क्यों नहीं बनाती




**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने 28 जून को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सहित कई मुद्दों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया. इस दौरान उन्होंने राज्य के विपक्ष पार्टी पर भी जमकर निशाना साधा. विपक्ष पर तंज कसते हुए सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बीजेपी हमारी सरकार के इस पहल से गड़बड़ा गई हैं. आज साढ़े तीन साल हो गए. विधानसभा के निर्वाचन के पश्चात बीजेपी अबतक कोई अच्छा नेता नहीं चुन पा रहा है. जिसके कारण उसे बाहर से भाड़े पर आदमी लाना पड़ता है. सीपी सिंह प्रदेश बीजेपी में सब से अनुभवी नेता है फिर पार्टी उन्हें नेता प्रतिपक्ष क्यों नहीं बनाती है. उन्होंने कहा कि 27 जून को बीजेपी राज्यपाल को कोल्हान का दौरा के लिए टास्क देने राजभवन गई थी.

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हमारी सरकार का प्राथमिकता सरकारी नौकरी देने की है और इसका एक सिलसिला चल पड़ा है. बहुत जल्द और भी नियुक्तियां आपको देखने को मिलेगा. उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला का सफल आयोजन भी देखने को मिलेगा.

सुप्रियो ने कहा कि राज्य में एक नया ट्रेंड शुरू हुआ है. हर सप्ताह केंद्रीय मंत्री झारखंड राज्य पहुंच रहे है. और 9 साल मोदी बेमिसाल की रट लगा रहे है. वहीं राज्यपाल भी राज्य के कुछ हिस्सों में दौरा कर रहे है लेकिन वे केंद्र सरकार की योजनाओं का जिक्र जनता के समक्ष कर रहे है वे राज्य सरकार की योजनाओं पर क्यों नहीं बोलते. उन्होंने कहा कि हम चाहेंगे कि साल 2024 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मौजूदा राज्यपाल के सामने ही अपना शपथ ग्रहण करें। इधर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा के सांसद दीपक प्रकाश कहते है कि स्पीकर को बर्खास्त करें. क्या विधानसभा स्पीकर 4इँ ग्रेड के कर्मचारी हैं. उन्होंने कहा कि राज्य ने गति पकड़ी ही है कि बीजेपी खोलपाल करने में लग गई है. हमें जवाब देने आता है. 27 जून को पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का उद्घाटन हुआ लेकिन इस मौके पर सीएम हेमंत सोरेन को आमंत्रण तक नहीं मिला. यह एक गंभीर मामला है. आखिर बीजेपी के नेता अपने राज्यपाल से क्या संदेश देना चाहते है.

### रांची शहर की ट्रैफिक व्यवस्था की बेहतरी को लेकर अफसरों ने की बैठक

# ओवर स्पीड पर ब्रेक लगाने को तय होगी स्पीड लिमिट

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची स्मार्ट सिटी के सीईओ अमित कुमार नें रांची जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि वो शहर के सर्विलांस, यातायात प्रबंधन,ग्रीन कॉरिडोर ,भीआईपी और भीभीआईपी मूवमेंट,नगरीय सेवाओं तथा अन्य समस्याओं के त्वरित समाधान में स्मार्ट सिटी के कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर का अधिक से अधिक इस्तेमाल करें. बुधवार 28 जून को रांची स्मार्ट सिटी कार्यालय परिसर में स्थित कमांड सेंटर के वार रूम में रांची के उपायुक्त राहुल सिन्हा और वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल के साथ बैठक में स्मार्ट सिटी के सीईओ नें ये बात कही.

बैठक में सीईओ अमित कुमार नें उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया कि आप जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों को यहां से मिलनेवाली सर्विसेज का प्रशिक्षण कराकर अधिक से अधिक विद्यालय और महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को इन चीजों से अवगत कराएं. इस सेंटर के माध्यम से शहर के 50 लोकेशन पर इमरजेंसी कॉलिंग बॉक्स लगे हैं जहां से किसी भी आपात स्थिति में टू वे कम्यूनिकेशन के तहत कमांड सेंटर से जुड़ा जा सकता है. इसके साथ हीं छेड़छाड़ और दुर्व्यवहार की घटनाओं पर त्वरित कार्रवायी के लिए भी सिटी ऐप में सेव योर सोल सर्विस दिया गया है, पुलिस के माध्यम से इसके इस्तेमाल और इसपर दिए जानेवाले रिस्पांस की जानकारी लोगों तक सुनिश्चित हो.



बैठक में जिन बिन्दुओं पर प्रमुखता से बातचीत हुयी वो इस प्रकार हैं

- शहर के यातायात प्रबंधन को एटीसीएस मोड में लाकर स्वचालित करें.
- एंबुलेंस,फायर फाइटिंग जैसी इमर्जेंसी सेवाओं को ग्रीन कॉरीडोर बनाकर पास कराएं.
- भीआईपी और भीभीआईपी मूवमेंट को भी ग्रीन कॉरीडोर बनाकर पास कराएं.
- शहर की सड़कों पर ओवर स्पीड पर ब्रेक लगानें को लेकर स्पीड लिमिट करें.
- नो हैलमेट,रौंग वे,रेड लाइट वायलेशन और ओवर स्पीड पर ई चालान काटा जाय
- इमर्जेंसी कॉल बॉक्स की अहमियत लोगों को बताया जाय.
- सिटी ऐप के सेव योर सोल के बारे में शहर के लोगों को जागरुक किया जाय और उसपर त्वरित रिस्पांस लिया जाय.
- यूनिसिपल सर्विसेज की निगरानी कमांड सेंटर से हो और इसे ज्यादा प्रभावी बनाया जाए.

**जल्द स्कूल में बच्चों अभी प्रशिक्षण कार्यक्रम का होगा आयोजन. डीसी**

इस मौके पर रांची के उपायुक्त राहुल सिन्हा नें कहा कि जल्द हीं जिला प्रशासन के अधिकारियों का एक दल यहां पहुंचेगा जिसमें जिला परिवहन पदाधिकारी,जिला कल्याण पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक भी रहेंगे और इन सभी उपकरणों के बारें में जानकारी लेकर कॉलेज और स्कूल में बच्चों के बीच इसीबी और एसओएस का प्रशिक्षण दिया जाएगा. इससे छात्राओं और महिलाओं के साथ साथ समाज के हर वर्ग को किसी अनहोनी से बचाया जा सकेगा.

रांची के एसएसपी किशोर कौशल नें कहा कि एक माह के अंदर सीसीआर डीएसपी इसी परिसर में बैठेगे और सीसीआर का पूरा वर्क फोर्स यहीं से काम करेगा. हमारी कोशिश होगी कि यातायात की अधिक से अधिक निर्भरता ऑनलाइन सेवाओं पर हो. उन्होंनें कहा कि जल्द हीं इसी बिल्डिंग में टेट्रा का भी टावर लगेगा. उन्होंने कहा कि जियो फैन्सिंग करके अब भीड़ प्रबंधन में भी इस सेंटर का मदद लिया जाएगा।

### अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में बड़ा बदलाव नहीं

## झारखंड में मध्यम दर्जे की हो रही बारिश

**PHOTON NEWS DESK :** झारखंड में पिछले तीन दिनों से मानसून की गतिविधियां सक्रिय है। इस दौरान राज्यभर में लगभग सभी स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो रही है। जबकि कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा भी दर्ज की गई। इस दौरान सबसे अधिक बारिश 138 मिलीमीटर चक्रधरपुर में हुई। जबकि संताल परगना में बारिश की कमी की वजह से एक बार फिर अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। गोड्डा का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। जबकि रांची का न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**चाईबासा में 104 मिलीमीटर बारिश**

राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधरपुर में सबसे अधिक 107 मिलीमीटर बारिश हुई। वहीं चाईबासा में 104.4, सिमडेगा में 63.5, पोटका में 48.2, ओरमांझी में 29.4, मझगांव में 28.4, जामताड़ा में 29.4, जमशेदपुर में 20.6, रांची में 19.5 बारिश हुई। इसके अलावा भी राज्य के लगभग अधिकांश हिस्सों में 20 से लेकर 2 मिलीमीटर बारिश हुई।



28 जून को भी बारिश और वज्रपात को लेकर यलो अलर्ट राज्य के विभिन्न हिस्सों में 28 जून को बारिश और वज्रपात को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार 29 और 30 जून को भी राज्य में कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। जबकि 1 से 3 जुलाई तक भी राज्य भर में बारिश का अनुमान है। राज्य में अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। उसके बाद अगले दो दिनों में इसमें 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की संभावना है। राज्य में पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक 33.2 डिग्री सेल्सियस तापमान गोड्डा का रिकॉर्ड किया गया। जबकि रांची का अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री, जमशेदपुर का 28.5, डालटनगंज का 31.9, साहेबगंज का 33.1, देवघर का 30.3 और गढ़वा का 32.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में 1 से 27 जून के दौरान सामान्य से 56 प्रतिशत कम बारिश हुई। इस दौरान राज्यभर में औसत रूप से 160.2 का रिकॉर्ड है।

### आसमान छू रहे सब्जियों के दाम

## 80 लेकर 100रु. किलो तक हुआ टमाटर

**PHOTON NEWS RANCHI :** पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों का असर अब सब्जियों पर भी दिखने लगा है. सब्जियों के दाम आसमान छू रहे है, जिससे आम लोगों की परेशानी इस मंहगाई के दौर में और भी बढ़ गई है. देश के कई हिस्सों में सब्जी के आसमान छूते दाम के चलते लोगों की थाली का जायका बिगड़ गया है. कई सब्जी मंडियों में हर सब्जी महंगी मिल रही है. भिंडी, परवल, करेला, कद्दू, टमाटर, कटहल, खीरा, नींबू सभी के दाम लोगों को रुला रहे हैं.

**कांग्रेस ने पीएम मोदी पर साधा निशाना**

देश के कई हिस्सों में टमाटर, प्याज और आलू की बढ़ती कीमतों को लेकर कांग्रेस का विरोध तेज हो गया है. पीएम



मोदी पर निशाना साधते हुए कांग्रेस ने कहा कि यह बीजेपी की गलत नीतियों के कारण हो रहा है. पार्टी ने कहा, पहले तो सड़कों पर टमाटर फेंके जाते हैं, उसके बाद अचानक कीमतें बढ़ जाती हैं. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि टमाटर, प्याज और आलू उनकी प्रथम प्राथमिकता है. लेकिन, उसके विपरीत टमाटर 100 रुपये प्रति किलो बेचे जा रहे हैं.

उन्होंने टमाटर और अन्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर मीडिया की खबरों का भी हवाला दिया. बता दें कि कई जगहों में टमाटर 80 से 100 रुपये प्रति किलोग्राम बेचा जा रहा है. थोक व्यापारी इस बढ़ी हुई कीमतों के लिए बारिश को जिम्मेदार ठहरा रहे है. बताया जा रहा है कि भारी बारिश के चलते टमाटर की

# पांच महीने विश्राम करेंगे श्री हरि विष्णु, शुभ कार्यों पर 30 जून से लगेगा विराम

## देवशयनी एकादशी 29 को, 30 जून से शुरू होगा चातुर्मास, पाच माह तक नहीं होंगे मांगलिक कार्य

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** देवशयनी एकादशी 29 जून को है। इसी के साथ चातुर्मास शुरू हो जाएगा इस दौरान भगवान विष्णु विश्राम में चले जाएंगे। इस प्रकार शादी विवाह जैसे शुभ कार्यों पर विराम लग जाएगा। इस बार अधिक मास होने की वजह से चातुर्मास 5 महीने का होगा। पुनः 23 नवंबर को देवउठनी एकादशी श्री हरि विष्णु विश्राम से उठे जिसके बाद शुभ कार्यों का दौर शुरू होगा। ज्योतिषाचार्य बताते हैं कि इस बार चातुर्मास 30 जून से लगेगा और 23 नवंबर को खत्म हो जाएगा।

ऐसे में आने वाले पांच महीने भगवान की साधना, आराधना के लिए काफी खास रहेंगे। आमतौर पर देवशयनी एकादशी से



देवउठनी एकादशी तक चार माह तक भगवान विष्णु विश्राम करते हैं, लेकिन इस वर्ष अधिकमास होने से भगवान चार के बजाय पांच माह विश्राम करेंगे। इस बार पवित्र सावन माह दो माह रहेगा। ऐसे में भगवान भोलेनाथ की आराधना दो माह तक होगी।

29 जून तक ही होंगे मांगलिक कार्यक्रमदेवशयनी एकादशी के साथ ही आने वाले पांच माह तक विवाह, गृहप्रवेश सहित बड़े मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा। इसके बाद देवउठनी एकादशी पर तुलसी विवाह के साथ ही मांगलिक कार्यों की शुरूआत होगी। अभी विवाह मुहूर्त 29 जून तक जारी रहेंगे। 28 जून के बाद ही 148 दिनों तक कोई शुभ मुहूर्त का योग नहीं है।

**सृष्टि की बाग डौर संभालेंगे भगवान भोलेनाथ :**
देवशयनी एकादशी से देवउठनी एकादशी तक चातुर्मास माना जाता है। इस दौरान साधु, संत, सन्यासी भी एक ही स्थान पर रह कर साधना में रत रहेंगे। परम्परा अनुसार देवशयनी एकादशी पर सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु चार माह तक क्षीर सागर में विश्राम करते हैं, इस दौरान सृष्टि की बाग डौर भगवान भोले नाथ संभालते हैं। इस दौरान मुंडन, उपनयन संस्कार, विवाह इत्यादि जैसे महत्वपूर्ण मांगलिक कार्य रोक दिए जाते हैं। मान्यता है कि भगवान विष्णु के शयनकाल में मांगलिक कार्य करने से व्यक्ति को उनका आशीर्वाद नहीं प्राप्त होता है, जिस वजह से विघ्न उत्पन्न होने का खतरा बना रहता है। हर साल चातुर्मास सामा-?य रूप से 4 महीने का होता है, लेकिन इस साल अधिक मास होने के कारण चातुर्मास 5 महीने का होगा। यानी कि इस दिन भगवान विष्णु पूरे 5 महीने के लिए योग निद्रा में चले जाएंगा और फिर इसके बाद कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि यानी कि देवउठनी एकादशी के दिन योग निद्रा से जागेंगे।

**देवशयनी एकादशी पूजा मुहूर्त**
ज्योतिषाचार्य ने बताया कि पंचांग के अनुसार, आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि का शुभारंभ 29 जून 2023 सुबह 03:18 मिनट पर होगा और इस तिथि का समापन 30 जून सुबह 02:42 मिनट पर हो जाएगा। पूजा तिथि के अनुसार, देवशयनी एकादशी व्रत गुरुवार 29 जून 2023 को रखा जाएगा। इस विशेष दिन पर रवि योग का निर्माण हो रहा है, जो सुबह 05:26 मिनट से दोपहर 04:3 मिनट तक रहेगा।

**पांच माह पड़े प्रमुख तीज त्यौहार**
ल03 जुलाई गुरु पूर्णिमा
ल04 जुलाई सावन माह की शुरूआत
18 जुलाई अधिकमास प्रारंभ
21 अगस्त नागपंचमी
30 अगस्त रक्षाबंधन
07 सितम्बर कृष्ण जन्माष्टमी
18 सितम्बर हरतालिका तीज
19 सितम्बर गणेश उत्सव प्रारंभ
15 अक्टूबर शारदीय नवरात्र
24 अक्टूबर विजयादशमी
28 अक्टूबर शरद पूर्णिमा
01 नवम्बर करवा चौथ
12 नवम्बर दिवाली
23 नवम्बर देवउठनी एकादशी

## BRIEF NEWS

### केरला समाजम मॉडल स्कूल में वार्षिक शैक्षणिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**एलकेजी से सातवीं के मेधावी बच्चों को किया गया पुरस्कृत**



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** गोलमुरी स्थित केरला समाजम मॉडल स्कूल में बुधवार को वार्षिक शैक्षणिक पुरस्कार वितरण समारोह 2023 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 11बजे स्कूल परिसर में हुई। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में सत्र 2022-23 के कक्षा एलकेजी से सातवीं तक के जूनियर स्कूल के छात्रों के लिए रखा गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथी के रूप में

केरल समाजम के ट्रस्टी टी.के. सुकुमारन उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा करने के साथ उन्हें उनके जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों के माता-पिता को सुझाव दिया कि वे अपने बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन की तुलना दूसरों से न करें। साथ ही उनकी उपलब्धियों को संजों के रखे, भले ही वे कितनी भी छोटी क्यों न हों। इस अवसर पर केरल समाजम स्कूल के अध्यक्ष के. मुरलीधरन, प्रिंसिपल नंदिनी शुक्ला, रीना बनर्जी, एएल अब्राहम, सुजाता सिंह समेत स्कूल के अन्य शिक्षक, पैरेंट्स उपस्थित थे। इस अवसर पर
शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विभिन्न ट्राफियां और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

-पुरस्कार पाने वाले छात्र छात्राएं
एलकेजी. ए जसलीन कौर, दिव्या दास एलकेजी. बी हाशिम खान, आरव, मूनका एलकेजी. सी कानन अग्रवाल, अफजा नाज एलकेजी डी शनाया भौमिक रियंका ठाकुर एलकेजी. ई आरव चौरसिया हर्षिका करवा यूकेजी. ए विवान साहू राईन इकबाल यूकेजी बी प्रियांश सिंघानिया, इब्राहिम महमूद यूकेजी सी अक्षरा राय समन्यु सिंह यू.के.जी डी अक्षत जायसवाल अक्षिता अग्रवाल यू.के.जी ई एडम ए जैकब डायन शाह एसटीडी - ए तोशनी कुमारी अन्वी अग्रवाल एसटीडी - बी अक्षत ऋषभ दिशा जुमानी एसटीडी -सी सार्थक श्रीवास्तव (96.8%) कसारा श्रीवंत (95.4%) एसटीडी -डी पिनाल अग्रवाल प्रत्यक्ष सरस्वती एसटीडी -ई तवेषा चौधरी अनिरुद्ध कुमार सिंह **एसटीडी ।।-ए** सहराग सिंह दृष्टि चट्टोराज **एसटीडी।।-बी** अरुष कुमार प्रसाद कुणाल गौतम
**एसटीडी ।। सी** अनिशा महापात्रा वेदांश शर्मा **एसटीडी ।। डी** महक अग्रवाल कनक कुमारी **एसटीडी ।। ई** अमन शर्मा ख्याति प्रिया
**एसटीडी ।। ए** अन्वेषा उपाध्याय हर्षिता कुमारी एसटीडी ।।। बी पीहू रानी पहेली अग्रवाल एसटीडी ।।। सी मिनारव बेहरा हरमीत सिंह चावला **एसटीडी ।।। डी** रूद्र प्रताप सिंह पल्लब सेनगुप्ता **एसटीडी ।।।** ई अनुष्का कुमारी जसनीत कौर
इसी प्रकार से बाकी सभी 1 से 7 वीं कक्षा के विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

### जमशेदपुर से अपना प्रत्याशी उतारेगी झामुमो : रामदास सोरेन



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर तमाम राजनितिक पार्टियां अपने स्तर पर तैयारी में जुट गई है। इसी क्रम में बुधवार को निर्मल गेस्ट झामुमो जिला कार्यसमिति की एक बैठक आयोजित की गई, जहां चुनाव की तैयारियों से जुड़े कई अहम विषय पर चर्चा की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष सह विधायक रामदास सोरेन, विधायक संजीव सरदार, केंद्रीय कमिटी के तमाम नेतागण एवं जिला कमेटी के नेतागण मौजूद रहें। बैठक के दौरान मुख्य रूप से बूथ और प्रखंड स्तर पर पार्टी को और मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की गई। बूथ एवं प्रखंड स्तर पर आगामी दिनों मे कार्यकताओं की ट्रेनिंग करवाई जाएगी। वहीं आगामी लोकसभा चुनाव में झामुमो ने जमशेदपुर सीट पर दावेदारी की है। विधायक रामदास सोरेन ने कहा कि इस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली तमाम विधानसभा सीटों पर झामुमो के ज्यादा विधायक हैं। फलस्वरूप इस लोकसभा सीट से झामुमो अपने उम्मीदवार को चुनावी मैदान में उतारेगी। वहीं आगामी 5 जुलाई को रांची में केंद्रीय कमेटी की बैठक में शामिल होने को लेकर भी विचार हुआ। रामदास सोरेन ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में झामुमो अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ेगी। राजनीतिक विशेषज्ञों की माने तो मौजूदा समय में प्रदेश में गठबंधन की सरकार चल रही है। इसमें झामुमो के साथ कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल शामिल है।

## केयू में सीयूईटी के अलावा चांसलर पोर्टल के जरिए भी होगा UG प्रथम सेमेस्टर में नामांकन

### छात्र 29 जून से भर सकेंगे ऑनलाईन आवेदन, सीयूईटी परीक्षा शामिल नहीं होने वाले छात्र भी होंगे पात्र





**इस लिए शुरू हुई चांसलर पोर्टल के जरिए नामांकन लेने की प्रक्रिया:**
विदित हो कि पहले विवि ने सिर्फ सीयूईटी के जरिए ही स्नातक नामांकन की प्रक्रिया पूरी करने की घोषणा की थी। लेकिन बड़ी संख्या में छात्र जानकारी के आभाव में सीयूईटी के लिए आवेदन नहीं कर पाए। ऐसे में लगातार चांसलर पोर्टल के जरिए भी आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की मांग उठ रही थी। राज्य के कई विवि ने पहले ही यह प्रक्रिया शुरू कर दी थी। जिसकी वजह से केयू पर भी इसका दबाव था। इसे देखते हुए ही विवि ने सीयूईटी के अलावा चांसलर पोर्टल के जरिए भी नामांकन लेने की प्रक्रिया शुरू की।

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** कोल्हान विश्वविद्यालय में सत्र 2023-27 चार साल की यूजी सेमेस्टर वन में नामांकन को लेकर छात्रों को बड़ी राहत दी है। विवि ने सीयूईटी के इतर चांसलर पोर्टल के जरिए भी नामांकन लेने की अधिसूचना जारी करते हुए। इसके लिए आवेदन करने की तिथि तय कर दी है। जारी अधिसूचना के तहत आवेदन की प्रक्रिया 29 जून से शुरू होगी। छात्र चांसलर पोर्टल में जाकर 29 जून से 12 जुलाई तक ऑनलाईन फार्म भर सकेंगे। वैसे विद्यार्थी को भी आवेदन करने का अवसर दिया गया है जो सीयूईटी की परीक्षा में शामिल नहीं हुए है। ऑनलाइन नामांकन शुल्क 200 रुपए निर्धारित की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीएसडब्लयू डॉ एससी दास ने कहा कि सभी विद्यार्थी जो सीयूईटी की परीक्षा में शामिल हुए हो या नहीं भी हुए हैं वे चांसलर पोर्टल के जरिए आवेदन कर सकते हैं। सीयूईटी परीक्षा में शामिल छात्रों के लिए यह आप्शनल होगा। अर्थात वे अगर इस प्रक्रिया में शामिल होना चाहेंगे तो हो सकते हैं और नहीं होना चाहते हैं तो उनपर कोई असर नहीं होगा। विवि की ओर से कहा कि सभी कॉलेज नामांकन समिति का गठन कर नामांकन प्रक्रिया आरंभ करें। योग्य विद्यार्थियों का दस्तावेज सत्यापन के उपरांत ही महाविद्यालय स्तर से संबंधित विद्यार्थियों का नामांकन लेंगे। साथ ही सभी विद्यार्थी अपने संबंधित बैंक चालान के माध्यम से ही विद्यार्थियों से निर्धारित नामांकन शुल्क प्राप्त करना सुनश्चित करेंगे। प्रथम मेरिट लिस्ट का प्रकाशन 17 जुलाई को संबंधित कॉलेज की वेबसाइट पर कर दिया जाएगा।

**नामांकन प्रक्रिया की तिथि**
ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 29 जून से 12 जुलाई
प्रथम मेरिट लिस्ट का प्रकाशन 17 जुलाई
शिकायत एवं आपत्ति की तिथि 13 से 14 जुलाई
प्रथम सूची से नामांकन 18 जुलाई से 25 जुलाई तक
सेकेंड मेरिट लिस्ट का प्रकाशन 26 जुलाई
सेकेंट मेरिट लिस्ट का नामांकन 26 जुलाई से 31 जुलाई

### ओडिशा : अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में सात लोगों की मौत, 18 घायल

**PHOTON NEWS KENDUJHAR :** ओडिशा के क्योंझर और कालाहांडी जिलों में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि बुधवार तड़के क्योंझर जिले में एक तेज रफ्तार ट्रक ने बारातियों को टक्कर मार दी, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 20 के पास सतीघर साही में दुल्हन के घर से कुछ मीटर की दूरी पर हुई। नगर थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कार ने बताया कि मृतकों में दूल्हे का भतीजा और सतीघर साही गांव के तीन लोग शामिल हैं। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मृतकों के परिजन को तीन-तीन लाख रुपये अनुग्रह राशि प्रदान करने और घायलों के मुफ्त इलाज की घोषणा की। घायलों को स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि दो लोगों को कटक के एक अस्पताल भेज दिया गया। इस घटना से इलाके में तनाव फैल गया और ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन उस हिस्से पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उपाय नहीं कर रहा है। एक अन्य घटना में, कालाहांडी जिले के धुलुघाटी में कटहल से लदी एक पिकअप वैन 40 फुट गहरी खाई में गिर गई, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। जयपटना थाने के प्रभारी निरीक्षक बासुदेव छत्रिया ने बताया कि वाहन नवरंगपुर जिले के पात्रपुर से जयपटना की ओर जा रहा था। छत्रिया ने बताया कि चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया था, जिसकी वजह से यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने बताया कि घायलों को जयपटना के एक सरकारी सामुदायिक केंद्र में भर्ती कराया गया है।

### नक्सल विरोधी अभियान में झारखंड पुलिस को बड़ी सफलता

# विधायक सरयू राय के खिलाफ मानहानि का केस कोर्ट में खारिज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर पूर्व के निर्दलीय विधायक एवं पूर्व मंत्री सरयू राय के लिए बूधवार का दिन खास रहा। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा सरयू राय के खिलाफ दायर किये गये मानहानि के मुकदमे को अदालत ने आज खारिज कर दिया. मालूम हो कि 10 मई को बन्ना गुप्ता ने चाईबासा के एमपी-एमएलए न्यायालय में अपने वकील प्रकाश झा के द्वारा सरयू के



खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी. इसमें इस बात का जिक्र किया गया था कि पूर्व विधायक सरयू राय द्वारा मंत्री बन्ना गुप्ता के खिलाफ राजनीतिक षडयंत्र के तहत सोशल मीडिया टिव्टर व फेसबुक तथा विभिन्न अखबारों के जरिये उनके खिलाफ गलत जानकारी एवं झूठे तथ्य प्रसारित किये गये। इसमें इस बात का उल्लेख था कि मंत्री बन्ना द्वारा प्रतिबंधित हथियार रखा गया. साथ ही इसका उपयोग किया गया. इसके बाद बन्ना गुप्ता ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से सरयू राय को कानूनी नोटिस भी संप्रेषित किया था. इसका सरयू राय ने कोई जवाब देना भी उचित नहीं समझा था। इसे लीगल नोटिस की जगह कूड़ेदान बता दिया था.

जनप्रतिनिधियों की विशेष अदालत के न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार की अदालत ने अपने आदेश में इस बात का जिक्र किया है कि बन्ना गुप्ता द्वारा जो आरोप सरयू राय पर लगाये गये हैं, उस आरोप के आधार पर आरोपी सरयू के खिलाफ रिकार्ड पर पर्याप्त सामग्री उपलब्ध नहीं है। अतः मानहानि का मुकदमा नहीं बनता। इसके कारण अदालत ने सरयू राय के खिलाफ दायर शिकायतवाद संख्या 182/2023 को खारिज कर दिया।

### नाबालिग से देह व्यापार मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के मानगो सहारा सिटी में नाबालिग से दुष्कर्म और देह व्यापार कराने के मामले में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के भाई गुड्डू गुप्ता, तत्कालीन डीएसपी और थानेदार समेत 22 लोगों को आरोपी बनाए जाने को लेकर जमशेदपुर की निचली अदालत द्वारा जारी समन को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई. मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की कोर्ट ने राज्य सरकार को प्रति शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 6 जुलाई निर्धारित की है. हाईकोर्ट ने जमशेदपुर की निचली अदालत में मामले में चल रही कार्यवाही (ट्रायल) पर रोक बरकरार रखी है. प्रार्थी की ओर से ए के कश्यप ने पैरवी की।

### बालासोर रेल हादसे की जांच की निगरानी कर रहे सीबीआई अधिकारी का कार्यकाल बढ़ाया गया

**PHOTON NEWS BHUBANESHWAR :** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी विप्लव कुमार चौधरी को बुधवार को केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में संयुक्त निदेशक के रूप में डेढ़ साल का सेवा विस्तार दिया गया। वह दो जून को बालासोर में हुए रेल हादसे की सीबीआई जांच की निगरानी कर रहे हैं। कार्मिक मंत्रालय ने एक आदेश में कहा कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने उनके प्रतिनियुक्ति कार्यकाल को 28 मार्च, 2023 से 27 सितंबर, 2024 तक एक वर्ष और छह महीने की अवधि के लिए बढ़ाने को मंजूरी दे दी। अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश (एजीएमयूटी) कैडर के 1997 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी चौधरी वर्तमान में विशेष अपराध क्षेत्र, दिल्ली के प्रभारी हैं। एक अधिकारी ने कहा कि वह बालासोर रेल हादसे की सीबीआई जांच की भी निगरानी कर रहे हैं। गौरतलब है कि ओडिशा में बालासोर के बाहानगा बाजार स्टेशन के पास कोरोमंडल एक्सप्रेस दो जून को शाम लगभग सात बजे एक खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी, जिससे इसके अधिकतर डिब्बे पटरी से उतर गए। कोरोमंडल एक्सप्रेस के कुछ डिब्बे उसी समय वहां से गुजर रही बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस के कुछ पिछले डिब्बों पर पलट गये थे। साथ ही एक अन्य संयुक्त निदेशक पंकज कुमार श्रीवास्तव का कार्यकाल भी 24 नवंबर 2023 तक बढ़ा दिया गया। मध्य प्रदेश कैडर के 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी श्रीवास्तव वर्तमान में एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम कर रहे हैं।

## जगन्नाथ पुरी में निकली भव्य बाहुड़ा यात्रा : श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

**PHOTON NEWS PURI :** जय जगन्नाथ के उद्घोष और झांझ-मंजीरों की थाप के बीच तीर्थनगरी में बुधवार को भगवान जगन्नाथ की ह्यबाहुड़ा यात्राह्ल (रथ की वापसी) शुरू हुई। भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ को गुंडिचा मंदिर से एक औपचारिक ह्यधाडी पहांडीह्ल (जुलूस) में उनके रथों पर ले जाया गया, जो श्रीमंदिर में उनके निवास स्थान के लिए उनकी वापसी यात्रा या ह्यबाहुड़ा यात्राह्ल की शुरूआत का प्रतीक है। रथ यात्रा 20 जून को शुरू हुई थी, जब देवी-देवताओं को मुख्य मंदिर से करीब तीन किलोमीटर दूर श्री गुंडिचा मंदिर ले जाया गया था। देवता सात दिन तक गुंडिचा



बहुड़ा यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ● द फोटोन न्यूज

मंदिर में रहते हैं, जिसे भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ का जन्मस्थान माना जाता है। श्रीजगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने पहले ह्यपहांडीह्ल का समय दोपहर 12 बजे से ढाई बजे बजे के बीच तय किया था, लेकिन जुलूस निर्धारित समय से काफी पहले ही पूरा हो गया। परंपरा के अनुसार, पुरी के गजपति महाराजा दिव्य सिंह देब द्वारा तीन रथों में ह्यछेरा पाहनराह्ल (रथों को साफ करने संबंधी) अनुष्ठान किया गया। रथों को शाम चार बजे से खींचना शुरू किया जायेगा। एसजेटीए के एक अधिकारी ने कहा कि हमें उम्मीद है कि सभी अनुष्ठान समय से बहुत पहले हो जाएंगे क्योंकि पहांडी समयपूर्व संपन्न हो गई थी। अधिकारी ने बताया कि देवता बुधवार रात तक 12वीं सदी के मंदिर के सिंह द्वार के सामने रथों पर विराजमान रहेंगे और 29 जून को रथों पर औपचारिक ह्यसुनाबेशाह्ल (सोने की पोशाक पहनाने की प्रथा) किया जाएगा। करीब 10 लाख भक्तों के इस मौके पर पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि 30 जून को रथों पर ह्यअधार पानाह्ल अनुष्ठान किया जाएगा।

### रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट को मिले उन्नीस अवार्ड

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** रोटरी डिस्ट्रिक्ट, बिहार-झारखण्ड की ओर से आयोजित अवार्ड समारोह





में रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट को कुल 19 अवार्ड प्राप्त हुआ। राजगीर में सम्पन्न हुए समारोह में रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट ने 19 अवार्ड अपने नाम किया। इस दौरान क्लब के अध्यक्ष निभा मिश्रा को आउट स्टैंडिंग अध्यक्ष का खिताब हासिल हुआ। स्टार रोटेरियन का खिताब अमिताभ बख्शी और अमरेश सिन्हा को मिला । डॉ अमित मुखर्जी को क्लब बिल्डर अवार्ड से नवाजा गया। नए रोटेरियन के अंतर्गत ऋषि चंद्रानी को स्टार्ट रोटेरियन का खिताब हासिल हुआ। कई प्रोजेक्ट को बेस्ट सर्विस प्रोजेक्ट के अंतर्गत अवार्ड प्राप्त हुए एवं कई अच्छे कार्यों के लिए क्लब की बहुत सराहना की गई। सुंदरबन के घोरामारा द्वीप में रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर के द्वारा वृक्षारोपण एवं कम्युनिटी सेंटर प्रोजेक्ट को भी अवार्ड प्राप्त हुआ। क्लब को डिस्ट्रिक्ट के द्वारा इतने सारे अवार्ड से सम्मानित किए जाने से क्लब के मेंबर बहुत ही उत्साहित महसूस कर रहे हैं।

### केंदू के पत्तों पर जीएसटी से राहत को मुख्यमंत्री ने सीतारमण को लिखा पत्र

**PHOTON NEWS BHUBANESHWAR :** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से केंदू (यानी तेंदू) के पत्तों पर लगा 18 प्रतिशत जीएसटी हटाने का अनुरोध करते हुए कहा है कि इससे समाज के अत्यंत गरीब तबके की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पटनायक ने वित्तमंत्री को सोमवार को लिखे गए पत्र में कहा है कि ओडिशा में केंदू पत्तों के व्यापार से जुड़े गरीबों और आदिवासी लोगों के हितों का ध्यान रखा जाना चाहिए और केंदु के पत्तों पर लगे 18 प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को हटा देना चाहिए। पटनायक ने पत्र में लिखा,"केंदू पत्तों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगने से इसके व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इससे केंदू पत्ता तोड़ने वालों, बांधने वालों एवं मौसमी कामगारों की आजीविका और उनके लिए बनाई गई सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन पर असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि केंदू पत्ता एक लघु वन उपज है और ओडिशा के आठ लाख लोग इसे तोड़ने और बांधने के साथ मौसमी कामगार के तौर पर इससे जुड़े हुए हैं।

### प्रशांत किशोर ने बताई अंदर की बात

# नीतीश कुमार बीजेपी से हुए अलग बोले लालू के साथ आने के पीछे है बड़ी प्लानिंग

**पटनाः** राजनीतिक रणनीतिकार और कभी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी रहे प्रशांत किशोर ने महागठबंधन सरकार को लेकर भविष्यवाणी की है। साथ ही बताया है कि आखिर नीतीश कुमार बीजेपी से क्यों अलग हो गए। उन्होंने यह भी बताया कि 2024 के बाद बिहार के लिए बीजेपी ने क्या प्लान तैयार किया था। प्रशांत किशोर ने कहा नीतीश कुमार को 2020 के विधानसभा चुनाव से पता था कि बीजेपी के सहयोग से वे बहुत दिनों तक मुख्यमंत्री नहीं बने रहेंगे। साल 2024 में होने वाले लोकसभा का चुनाव जीतने के बाद बीजेपी सबसे पहले नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री के पद से से हटा देती और कहती कि अब हमारा मुख्यमंत्री बीजेपी से होगा। इसके बाद उन्होंने यह भी कहा कि बीजेपी नीतीश कुमार को 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करती।

प्रशांत किशोर ने अपनी बात रखते हुए यह भी कहा कि नीतीश कुमार ने पूरा समीकरण बैठा कर ही बीजेपी का साथ छोड़ा और महागठबंधन में शामिल हुए। वो 2025 तक सीएम बने रहना चाहते हैं। अब जब नीतीश कुमार ये कह रहे हैं कि अगला चुनाव



तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़ा जाएगा तो लोगों को ये समझ नहीं आ रहा है वो ऐसा क्यों बोल रहे हैं ? मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिना सोचे-समझे कुछ नहीं बोलते। लेकिन यह बात लोगों को समझ लेनी चाहिए कि सीएम ना तो तेजस्वी के करीबी हैं ना ही राजद के समर्थक हो सकते हैं। टूट जाएगा महागठबंधन प्रशांत किशोर ने कहा है कि अगले चुनाव से पहले बिहार में महागठबंधन टूट जाएगा। नीतीश कुमार प्लानिंग के साथ महागठबंधन में शामिल हुए हैं। 2024 में लोकसभा और 2025 बिहार विधानसभा चुनाव होना है। लेकिन बिहार में जो आज की राजनीतिक व्यवस्था आज है, चुनाव के वक्त नहीं होगी। कौन नेता या दल किस ओर जाएंगे ये कोई नहीं जानता। आज 6 दल एक साथ हैं। अगले चुनाव से पहले बिहार में महागठबंधन का टूटना तय है, इसकी झलक दिख भी रही है। प्रशांत किशोर ने कहा कि साल 2015 में मैंने ही बिहार में महागठबंधन की पार्टियों को एकजुट किया था। इसलिए मुझे मालूम है कि महागठबंधन का भविष्य क्या होगा। इस वक्त महागठबंधन में 6 पार्टियां मौजूद हैं, मुझे पता है कि इस गठबंधन को चलाने में किन चीजों की जरूरत है।

# महात्मा गांधी सेतु पर कंटेनर से टकराई बस 6 घायल

### बस चालक, खलासी समेत छह यात्री गंभीर रूप से घायल

**पटनाः**पटना से हाजीपुर की ओर आ रही बीएसआरटीसी की बस का महात्मा गांधी सेतु पर एक्सीडेंट हो गया। पाया नंबर 12 के पास बस ने चलती कंटेनर में पीछे से ठोकर मार दी। हादसे में बस चालक, खलासी समेत छह यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी को गंगा ब्रिज थाना के पुलिस अधिकारी ने इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर में भर्ती कराया है।जानकारी के अनुसार बस पटना से मुजफ्फरपुर जा रही थी। पाया नंबर 12 के पास आगे जा रही





कंटेनर द्वारा अचानक ब्रेक लगाया गया। इस वजह से पीछे से आ रही सरकारी बस टकरा गई। फिलहाल सदर अस्पताल हाजीपुर में सभी का इलाज किया जा रहा है। खलासी के सिर में गहरी चोट आई है। बस चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है। बस चालक का बायां पैर फ्रैक्चर हो गया है।हाजीपुर की ओर आ रही बीएसआरटीसी की बस ने कंटेनर में पीछे से टक्कर मार दी है।हादसे में घायल यात्री का इलाज चल रहा है।घटना के बाद अस्पताल में कुल 6 लोग भर्ती हैं। पुलिस लगातार लोगों को देख रही है। अस्पताल का जायजा ले रही है।घायलों में पूर्वी चंपारण के सुरेंद्र गिरी के 40 वर्षीय पुत्र राजेश गिरी, हाजीपुर निवासी कुणाल करजी की 30 वर्षीय पत्नी सोनी करजी, बस चालक वीरेंद्र साह, खलासी रोहित कुमार, हाजीपुर तेरासिया के रहने वाले सत्येंद्र राय, पटना की रहने वाली रानी कुमारी (7) शामिल हैं। इनके अलावा पटना से गोरौल जा रहे नरेश साह और उसकी पत्नी और बच्ची घायल हुई हैं।

# आधे घंटे की बारिश के कारण तापमान में आई गिरावट

**मुजफ्फरपुर** :मुजफ्फरपुर में लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। आसमान में बादल छाने लगे। कुक देर बाद बारिश भी शुरू हो गयी। जिससे उमस भरी गर्मी से राहत मिली। जिले के साहेबगंज, पारू, देवरिया, कुढ़नी, मनियारी, सकरा गायघाट समेत सभी हिस्सों में आधे घंटे से अधिक तक हल्की से मध्यम बारिश हुई। इससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई।बता दे की बीते कुछ महीनों से मुजफ्फरपुर में लोग भीषण गर्मी से जल रहे थे। जिला में पारा 45 डिग्री तक पहुंच गया था। बीते कई सालो का रिकॉर्ड भी टूट गया था। वही खरीफ की खेती को भी नुकसान पहुंच रहा था। लेकिन बुधवार को रिमझिम बारिश से लोगो को काफी राहत मिली है। तापमान में



भी गिरावट हुई है। लोग राहत ही सास ले रहे है।सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुआ था। गर्मी और उमस ने लोगों का जीना दुश्वार के दिया था। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो तीन दिनों तक बारिश की संभावना बताई गई है। 1 जुलाई के बाद लगातार बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इस बारिश से फसल और सब्जी को फायदा मिलेगा।यह मानसून की पहली बारिश है। कुछ दिन पूर्व मानसून ने उत्तर बिहार में दस्तक दी थी। आज पहली बारिश के साथ मौसम भी खुशनुमा हो गया।

# सड़क पर बह रहा है शौचालय का पानी दरगाह आने वाले श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी





**भागलपुर :** भागलपुर को स्मार्ट सिटी का दर्जा मिले काफी वक्त गुजर गया, लेकिन जो जो जमीनी हालात हैं वो कुछ और ही बयां करते हैं। जोक सर थाना क्षेत्र अंतर्गत मनाली चौक पीर बाबा मजार का पास सड़क पर शौचालय का पानी बह रहा है। इससे आम जनता को काफी परेशानी हो रही है। मनाली चौक का इलाका भीड़भाड़ वाला है ।घूरन पीर बाबा मजार पर सैकड़ों श्रद्धालु आते हैं। शौचालय से बदबूदार पानी बहने के कारण उन्हें काफी ज्यादा परेशानी हो रही है। स्थानीय निवासी संजय कुमार तिवारी इसकी शिकायत लेकर नगर निगम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने नगर आयुक्त योगेश कुमार सागर को ज्ञापन भी सौंपा लेकिन मामला जस का तस है। आते जाते राहगीरों से जब हमने पूछा तो उन्होंने बताया कि शौचालय से बदबू नुमा पानी ही नहीं मल मूत्र भी सड़क पर आ जाता है। मुख्य सड़क मार्ग होने के कारण कोचिंग पढ़ने वाले बच्चे भी इस समस्या का शिकार हो रहे हैं। मामले को लेकर डिप्टी मेयर सलाउद्दीन हसन ने बताया कि शहर को साफ और सुंदर रखना शहर वासियों की भी नैतिक जिम्मेदारी बनती है। सड़क पर इस तरह की गंदगी होना अपने में ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आ चुका है और वे जल्द इस मसले को सुलझा देंगे।

# एयरपोर्ट की सुरक्षा को लेकर चल रही तैयारी

### आसपास के लोगों का होगा भौतिक सत्यापन

**गया :** गया एयरपोर्ट की सुरक्षा को लेकर एयरपोर्ट अथॉरिटी धीरे-धीरे सजग हो रहा है। आंतरिक सुरक्षा को सख्त करने के बाद अथॉरिटी की नजर एयरपोर्ट के आसपास की कालोनी व गांवों पर है। एयरपोर्ट के आसपास के घरों में रहने वाले लोगों का अब भौतिक सत्यापन किया जाएगा। स्थानीय लोगों के साथ ही किराए के मकान में रहने वाले लोगों का भी सत्यापन किया जाएगा। साथ ही सत्यापन किए गए लोगों की एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी। बुधवार को गया एयरपोर्ट पर सुरक्षा को लेकर हुई बैठक में यह अहम निर्णय लिया गया है। एयरपोर्ट डायरेक्टर बंगजीत शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह भी निर्णय किया गया कि रनवे पर विमानों की लैंडिंग में उड़ान भरने के वक्त गया डोभी रोड में लोगों को खड़े



होकर देखने से रोका जाए। उन्हें सड़क पर खड़ा न होने दिया जाए। आशंका व्यक्त की गई है कि इस कारण कभी भी छोटा बड़ा हादसा हो सकता है। इसके लिए विमान की लैंडिंग और उड़ान के वक्त पुलिस की पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए। विमान को देखने के लिए खड़े होने वालों को ऐसा करने से रोकने का निर्देश दिया गया है। बैठक में एयरपोर्ट की सुरक्षा से जुड़े लोगों से भी चर्चा की गई। साथ ही उनकी राय भी ली गई है। सुरक्षा अधिकारियों को तमाम निर्णय अमल में लाने का निर्देश दिया गया है। बैठक में सीआरपीएफ के अधिकारी व थाने के थानाध्यक्ष सहित अन्य लोग शामिल थे।

# बदमाशों ने रस्सी से दोनों का गला घोंटा और 4 लाख की लूटपाट

**बिहारः** नालंदा में लूटपाट के लिए घर में घुसे लुटेरों ने दवा व्यापारी की मां और उसके चार साल के बेटे की हत्या कर दी। वारदात के समय घर पर दोनों के अलावा कोई और नहीं था। लुटेरों ने पहले दोनों का गला रस्सी से दबा दिया। घर में कैश समेत चार लाख के जेवर की लूटपाट की और पिछले दरवाजे से निकल गए। वारदात परवलपुर थाना क्षेत्र के करणबीघा गांव की है। घटना के समय दवा व्यापारी बिहारी शरीफ अपनी दुकान पर गए थे, जबकि पत्नी एक बेटे के साथ मायके गई हुई थी। पुलिस ने बुधवार की सुबह दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा







और मामले की तहकीकात में जुट गई है। मृतकों में स्वर्गीय नंदे प्रसाद की पत्नी मीना देवी (70) और उनका पोता अंश पटेल (4) शामिल है। मंगलवार दोपहर में ही लूटपाट के दौरान दोनों की हत्या कर दी गई और घर में रखा कीमती सामान लूट लिया गया। घर का सामान बिखरा पड़ा था घटना का खुलासा तब हुआ, जब घर के मवेशी शाम होने के बाद भी इधर-उधर घूमते नजर आए। इसके बाद आसपास के लोग घर के अंदर घुसे तो दोनों का शव देख सन्न रह गए। कमरों की अलमारियों के लॉक टूटे हुए थे। सामान बिखरा पड़ा था। पड़ोसियों ने इसकी जानकारी दवा व्यापारी अंजन भाई पटेल को दी। वह मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी गई। इधर, घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोशित हैं। स्थानीय लोगों की माने तो बदमाश पिछले दरवाजे से घर में दाखिल हो हुए होंगे और लूटपाट के बाद दादी-पोते की हत्या कर शव को खाट पर लेटा मौके से फरार हो गए।वहीं, नालंदा एसपी अशोक मिश्रा ने बताया कि थानाध्यक्ष परवलपुर को सूचना मिली की ग्राम करणबीघा में महिला और उसके पोते की फांसी लगाकर हत्या कर दी गई है। घटना की सूचना पर डीएसपी हिलसा एवं थानाध्यक्ष परवलपुर घटनास्थल पर पहुंच, मामले की जांच में जुट गए हैं। वहीं, एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की टीम को भी बुलाया गया है। वहीं शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त -समाचार

### फाइलेरिया बचाव के लिए 82 ग्रामीणों का लिया ब्लड सैंपल



**आरा-** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा प्रखंड के बलीगांव पंचायत अंतर्गत लालगंज व महथिन टोला गांव में रात्रि कैंप लगाया गया। जहां फाइलेरिया रोग की पहचान के लिए रक्तपट संग्रह कार्यक्रम के तहत 82 ग्रामीणों का खून का सैंपल लिया गया। आर बी एस चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनिल पाण्डेय ने बताया कि काउप गांव में तीन दिन कैंप लगा कर 215 लोगो का सैंपल लिया गया। वहीं सोमवार की रात में बलिगांव पंचायत अन्तर्गत लालगंज और महथिन टोला से कुल 82 लोगों का सैंपल लिया गया है। यहां 28 व 30 जून को भी कैंप लगाया जाएगा। बीसीएम प्रकाश कुमार ने बताया कि कुल 600 लोगो का रक्तपट संग्रह का लक्ष्य प्राप्त है। जिसमे अभी तक कुल 297 लोगो का सैंपल लिया जा चुका है। अभी दो दिन बाकी ऐसे में लक्ष्य पूरा नहीं हुआ तो फिर से काउप गांव में कैंप लगाकर लक्ष्य को पूरा किया जाएगा। कैंप में लैब टेक्नीशियन मोहन सिंह, हेल्थ एजुकेटर कमला प्रसाद, एसएफडब्लु रामजी सिंह, आशा व आंगनवाड़ी सेविका थी।

### बंद घर से नगद और जेवरातों की चोरी



**बक्सरः** में मंगलवार की रात चोरों ने हाथ साफ किया है। घर में किसी को न देख पीछे के दरवाजे से घुसे और ढाई लाख नगद और गहने लेकर फरार हो गए। घर वाले जब पहुंचे तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। जिसके बाद वारदात की जानकारी पुलिस को दी गई है। पुलिस जांच में जुट गई है और बहुत जल्द गिरफ्तारी का दावा कर रही है। मामला कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के बलबतरा गांव का है। ढाई लाख नगद ले गए चोर चोरी की वारदात सीधेश्वर यादव के घर हुई। पुलिस को दिए आवेदन में उन्होंने कहा कि पड़ोस में एक समारोह का आयोजन हुआ था। जिसमें पूरा परिवार शामिल होने के लिए गया था। घर में ताला बंद था, जिसे देखते हुए पिछला दरवाजा तोड़कर चोर घर में घुसे। चोरों ने ढाई लाख नगद के साथ सोने और चांदी के आभूषणों की चोरी कर ली। चोरी के बाद चोरों ने कुछ समान घर के बाहर फेंक दिया था, जो सुबह में बरामद हुआ। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि चोरी की सूचना पर पुलिस जांच में जुट गई है। त्र्क्क्रदर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### भवन निर्माण को लेकर ग्रामीणों के साथ हुई थी मारपीट



**समस्तीपुरः** के मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र के करीबनगर पंचायत के मुखिया पति ने सरकारी भूमि पर भवन निर्माण करने वाले व्यक्ति के साथ जानलेवा हमला किया गया था। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। उक्त मामले के विरोध में पीड़ित ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी। उक्त मुखिया पति की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने हाजीपुर-बछवारा मुख्य मार्ग मोहद्दीनगर बाजार में बीच सड़क पर धरना प्रदर्शन पर बैठ गए हैं।पीडित परिवार का कहना है कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा तब तक इस सड़क से हटेंगे नहीं सड़क पर ही बैठे रहेंगे। बीच सड़क पर धरना प्रदर्शन देने की वजह से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी तांता लगा हुआ है। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राममोहन राय ने पीड़ित परिवार के साथ सड़क पर बैठकर प्रदर्शन कर रहे हैं। श्री राय ने कहा कि उक्त मुखिया पति ने पिछले दिनों विवादित भूमि पर निर्माण कार्य संबंधित समाचार कवरेज करने गए पत्रकार पर भी जानलेवा हमला किया गया था। उन्होंने कहा कि मुखिया पति ने कई बार कई लोगों पर हमला किया, लेकिन प्रशासनिक कार्यवाही नहीं होने के कारण उनका मनोबल बढ़ चुका है। जब तक प्रशासन की ओर से ठोस कदम नहीं उठाया जाता है, तब तक मोहिउद्दीन नगर बाजार के बीच सड़क पर ही प्रदर्शन जारी रहेगा। 26 जून 2023 को नगर पंचायत के मुखिया पति सुभाष चौधरी एवं करीमनगर गांव के ही रहने वाले मोहम्मद अकबर के बीच मारपीट हुई थी। मारपीट में लाठी-डंडों का इस्तेमाल किया गया था। उक्त मारपीट के दौरान 5 लोग जख्मी हो गए थे। जिसके बाद जिला पुलिस अधीक्षक एवं स्थानीय थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### बाजार में बढ़ी चहल-पहल 50 हजार तक में बिका बकरा

**मोतिहारी :** कुबार्नी के लिए बकरों की खूब खरीदारी हुई। शहर केमीना बाजार, मेन रोड, छतौनी, बलुआ, जानपुल, बड़ी मस्जिद के नजदीक सहित कई जगहों पर खरीदारों की पूरी भीड़ लगी रही। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों के बाजारों की रौनक देखते ही बन रही थी। महिलाएं बाजारों में जमकर खरीदारी करने के लिए पहुंची। बाजार जूते, सैंडिल, लांग फ्रॉक, दुपट्टे, चूड़ियां, मेकअप के सामान, इत्र, ज्वेलरी के अलावा गिफ्ट व खिलौनों आदि की खरीदारी की।

THE PHOTON NEWS
06
www.thephotonnews.com
Thursday, 29 June 2023

# प्रौद्योगिकी संचालित समान के सहयोग युग की शुरूआत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल ही में समाप्त हुई संयुक्त राज्य अमेरिका यात्रा इस अर्थ में ऐतिहासिक है कि इसने आने वाले वर्षों के लिए भारत को एक प्रमुख वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर दिया है। भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका प्रौद्योगिकी संचालित समान सहयोग के युग में प्रवेश कर रहे हैं और यह सहयोग उस यात्रा की शुरूआत का प्रतीक है, जिसके बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है, 'आकाश ही सीमा नहीं है।' वास्तव में, इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है, जिन्होंने पिछले 9 वर्षों के दौरान कई गैर-परंपरागत और नयी राह दिखाने वाले अभिनव निर्णय लिए, जिनकी वजह से भारत प्रमुख क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ने में सक्षम हुआ। उदाहरण के लिए, संयुक्त राज्य अमेरिका, जिसने भारत से कई वर्ष पहले अपनी अंतरिक्ष यात्रा की शुरूआत की थी, आज भारत को अपने भविष्य के प्रयासों में एक समान भागीदार के रूप में आमंत्रित करता है। 21 जून को वाशिंगटन स्थित विलार्ड इंटर-कॉन्टिनेंटल होटल में एक समारोह के दौरान, भारत आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला 27वां देश बन गया। आर्टेमिस समझौता, शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए राष्ट्रों के बीच नागरिक अंतरिक्ष अन्वेषण सहयोग का मार्गदर्शन करने के लिए सिद्धांतों के एक व्यावहारिक समूह की स्थापना करता है। यह भारत को चंद्रमा और अन्य खगोलीय पिंडों की खोज के लिए अमेरिका के नेतृत्व वाले आर्टेमिस कार्यक्रम में भाग लेने में सक्षम बनाता है। ध्यान देने योग्य है कि यह समझौता अंतरिक्ष क्षेत्र में, विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक्स से संबंधित महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के आयात से जुड़े प्रतिबंधों में छूट देने का मार्ग प्रशस्त करेगा, जिससे भारतीय कंपनियों को अमेरिकी बाजारों के लिए प्रणाली विकसित करने और नवाचार करने में लाभ होगा। यह अन्य वैज्ञानिक कार्यक्रमों में भारत को संयुक्त रूप से भागीदार बनने की सुविधा प्रदान करेगा। मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रमों समेत विभिन्न गतिविधियों में दीर्घकालिक सहयोग के लिए सामान्य मानकों तक पहुंच की अनुमति देगा और माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स, क्वांटम, अंतरिक्ष सुरक्षा आदि रणनीतिक क्षेत्रों में अमेरिका के साथ मजबूत भागीदारी की सुविधा प्रदान करेगा। आर्टेमिस समझौता एक गैर-बाध्यकारी समझौता है, जिसके तहत कोई वित्तीय प्रतिबद्धता नहीं है। इस समझौते पर 13 अक्टूबर, 2020 को आठ संस्थापक राष्ट्रों-ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, इटली, जापान, लक्जमबर्ग, यूएई, यूके और संयुक्त राज्य अमेरिका ने हस्ताक्षर किए थे। इसके सदस्यों में जापान, फ्रांस, न्यूजीलैंड, यूके, कनाडा, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और स्पेन जैसे पारंपरिक अमेरिकी सहयोगी देश शामिल हैं, जबकि रवांडा, नाइजीरिया जैसे अफ्रीकी देश नए भागीदार हैं। आइए, यह समझने की कोशिश करें कि आर्टेमिस समझौते में शामिल होने से भारत को क्या लाभ होगा। एक अनुमान के मुताबिक, अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए वैश्विक सरकारी खर्च पिछले साल लगभग 103 बिलियन डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। लगभग 62 बिलियन डॉलर के साथ, अमेरिकी सरकार ने अकेले कुल धनराशि का आधे से अधिक खर्च किया। अमेरिका के बाद चीन ने लगभग 12 बिलियन डॉलर खर्च किए, जो इस समूह का हिस्सा नहीं है। रूस 3.4 बिलियन डॉलर के वार्षिक खर्च के साथ 5वें स्थान पर है। भारत 1.93 बिलियन डॉलर के वार्षिक बजट के साथ 7वें स्थान पर है। तो आइए, हम वर्ष 2022 में ऑर्बिटल लॉन्च की संख्या के आधार पर विभिन्न देशों के अंतरिक्ष कार्यक्रमों की तुलना करते हैं। पेलोडस्पेस वेबसाइट कहती है कि पिछले साल 186 ऑर्बिटल लॉन्च के प्रयास किये गए, जिनमें अमेरिका ने 76, चीन ने 62, रूस ने 21 और भारत ने 5 ऑर्बिटल लॉन्च किए। अब, हम तीसरे प्रमुख मानक-अंतरिक्ष में उपग्रहों की संख्या - की तुलना करते हैं। उपग्रहों की निगरानी करने वाली वेबसाइट, 'ऑर्बिटिंग नाउ' के अनुसार, 4 मई 2023 तक, विभिन्न पृथ्वी कक्षाओं में 7,702 उपग्रह सक्रिय थे। अमेरिका के पास अधिकतम 2,926 सक्रिय उपग्रह हैं, इसके बाद चीन- 493, यूके- 450, रूस -167 आते हैं, जबकि भारत 58 उपग्रहों के साथ 8वें स्थान पर है। भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम छह दशक पुराना है और इसके सात साल बाद, 1969 में इसरो की स्थापना हुई। अंतरराष्ट्रीय सहयोग इसरो की पहचान रही है तथा इसने रूस की रुस्कोस्मोस और यूरोप की ईएसए जैसी विभिन्न लॉन्च एजेंसियों के साथ सहयोग किया है। इसरो ने 34 से अधिक देशों के 385 से अधिक विदेशी उपग्रह लॉन्च किए हैं। 2014 से पहले, इसरो कभी-कभार उपग्रह लॉन्च करता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी की शुरूआत के बाद, आज इसरो लगभग 150 निजी स्टार्टअप के साथ काम कर रहा है। सुदूर अंतरिक्ष मिशनों के लिए अरबों डॉलर की आवश्यकता होती है और इससे पूरी मानवता लाभान्वित होती है। इसलिए, यह जरूरी है कि राष्ट्र मानवता के लाभ के लिए अपने संसाधनों का उपयोग करें। बिना समय गंवाए, समान विचारधारा वाले देशों को आगे आना होगा, सहयोग करना होगा और एक-दूसरे के लाभ और अनुभवों पर काम करना होगा, जैसा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा है- 'हमें अलग-थलग होकर काम नहीं करना चाहिए!'। अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत-अमेरिका के बीच नए सहयोग का पहला बड़ा स्पष्ट लाभ देखने के लिए हमें शायद लंबे समय तक इंतजार नहीं करना होगा। अगले साल एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) भेजा जा सकता है।

# कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों में दांवपेंच

ANALYSIS



✍ विकास सक्सेना

**लगातार दो आम चुनाव में भाजपा की प्रचंड विजय ने विरोधियों की नींद हराम कर दी है। राजनीतिक विश्लेषकों के साथ-साथ अब तमाम नेता भी सार्वजनिक तौर पर यह स्वीकार करने लगे हैं कि भाजपा के विजय रथ को अकेले रोक पाने के क्षमता किसी भी विपक्षी दल में नहीं है। इसीलिए भाजपा के खिलाफ हर सीट पर विपक्ष का संयुक्त उम्मीदवार उतारने की बात की जा रही है। लेकिन इस विपक्षी मोर्चे की कमान किसके हाथ में होगी इसको लेकर मोदी विरोधियों में गहरे मतभेद हैं। गैर भाजपा दलों में कांग्रेस ही एक मात्र पार्टी है जिसका पूरे भारत में संगठन मौजूद है। इसलिए कांग्रेसियों का मानना है कि विपक्षी एकता की कमान स्वाभाविक तौर पर कांग्रेस को मिलनी चाहिए। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में शानदार जीत के बाद से कांग्रेस के नेताओं और कार्यकताओं का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है। उन्हें लगता है कि हिमाचल प्रदेश के बाद कर्नाटक में भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के बाद मोदी विरोधी गठबंधन के नेतृत्व को लेकर उसकी दावेदारी मजबूत हुई है।**

आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बेदखल करने की रणनीति बनाने के लिए कुछ राजनीतिक दलों की पटना में महाबैठक हो चुकी है।बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बुलावे पर जुटे 15 दलों के नेताओं ने इस बैठक में विपक्षी एकता के लिए बड़ी से बड़ी कुबार्नी देने की बात कही है। मगर भाजपा विरोधी दलों के ये दावे बैठक खत्म होने से पहले ही हवा हो गए। दिल्ली में अधिकारियों की नियुक्ति और स्थानांतरण को लेकर लाए गए केंद्र सरकार के अध्यादेश के विरोध का कांग्रेस की ओर से ठोस आश्वासन न मिलने से खफा आम आदमी पार्टी बैठक के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता से नदारद रही। बैठक के चंद घंटे बाद ही पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने ममता बनर्जी पर तीखे हमले किए तो ममता बनर्जी ने भी एक बार फिर कांग्रेस और माकपा पर भाजपा से मिलीभगत का आरोप मढ़ा। बैठक के बाद से हो रही बयानबाजी से स्पष्ट है कि भले ही कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों के नेता विपक्षी एकता की बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हों लेकिन उनका असल मकसद एक-दूसरे को विपक्षी एकता में बाधक साबित करके भाजपा का मददगार दिखाना ज्यादा लग रहा है। ताकि भाजपा विरोधी मुस्लिम मतदाताओं पर पकड़ ज्यादा मजबूत की जा सके। लगातार दो आम चुनाव में भाजपा की प्रचंड विजय ने विरोधियों की नींद हराम कर दी है। राजनीतिक विश्लेषकों के साथ-साथ अब तमाम नेता भी सार्वजनिक तौर पर यह स्वीकार करने लगे हैं कि भाजपा के विजय रथ को अकेले रोक पाने के क्षमता किसी भी विपक्षी दल में नहीं है। इसीलिए भाजपा के खिलाफ हर सीट पर विपक्ष का संयुक्त



उम्मीदवार उतारने की बात की जा रही है। लेकिन इस विपक्षी मोर्चे की कमान किसके हाथ में होगी इसको लेकर मोदी विरोधियों में गहरे मतभेद हैं। गैर भाजपा दलों में कांग्रेस ही एक मात्र पार्टी है जिसका पूरे भारत में संगठन मौजूद है। इसलिए कांग्रेसियों का मानना है कि विपक्षी एकता की कमान स्वाभाविक तौर पर कांग्रेस को मिलनी चाहिए। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में शानदार जीत के बाद से कांग्रेस के नेताओं और कार्यकताओं का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है। उन्हें लगता है कि हिमाचल प्रदेश के बाद कर्नाटक में भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के बाद मोदी विरोधी गठबंधन के नेतृत्व को लेकर उसकी दावेदारी मजबूत हुई है। ठीक इसके उलट कर्नाटक के चुनावी नतीजे आते ही तमाम क्षेत्रीय दलों के नेताओं के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई देने लगी हैं। वे पहले के मुकाबले ज्यादा आक्रामक तरीके से कांग्रेस पर हमलावर हैं। दरअसल लगभग सभी क्षेत्रीय दलों की राजनीति जिस मुस्लिम वोट बैंक पर टिकी हुई है उसमें कांग्रेस की सेंधमारी से ये दल घबराए हुए हैं। बीते 30 साल में जिन राज्यों में भी क्षेत्रीय दलों का विकास हुआ उसकी कीमत कांग्रेस को ही चुकानी पड़ी है। इन दलों ने किसी एक जाति के वोट बैंक को आधार बनाकर उसके साथ मुस्लिम वोटों को जोड़कर सफलता हासिल की है। इस बार खास यह है कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने पहली बार क्षेत्रीय पार्टी जनता दल सेक्युलर के मुस्लिम वोट बैंक में सेंधमारी करने में सफलता हासिल कर ली। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में सांप्रदायिक मुद्दे काफी उफान पर थे। कांग्रेस ने मुस्लिमों को भरोसा दिया कि प्रदेश में उनकी सरकार बनने पर कक्षाओं में भी हिजाब पहनने की इजाजत दे दी जाएगी। धोखे से धर्मांतरण के खिलाफ भाजपा सरकार ने जो सख्त कानून बनाया है उसे खत्म कर दिया जाएगा और मुस्लिमों का आरक्षण फिर से बहाल कर दिया जाएगा। भारत को मुस्लिम राष्ट्र बनाने की योजना पर काम कर रहे कट्टरपंथी संगठन पीएफआई पर केंद्र सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के एवज में बजरंग दल जैसे संगठनों पर प्रतिबंध का भरोसा दिया गया। इस तरह के वायदों के बाद मुस्लिमों का बड़ा वर्ग कांग्रेस के पाले में आ गया। इसका नतीजा निकला कि वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में 18.36 प्रतिशत मत हासिल करके कर्नाटक विधानसभा की कुल 224 सीटों में से 37 सीटों पर जीत दर्ज कराने वाली जेडीएस 13.29 प्रतिशत मतों के साथ 19 सीटों पर सिमट कर रह गई। इसका सीधा लाभ कांग्रेस को हुआ। उसका मत प्रतिशत 38.04 से बढ़कर 42.88 हो गया। उसकी सीटें भी 78 से बढ़कर 135 हो गईं। हालांकि विधानसभा चुनाव 2018 में 36.22 प्रतिशत वोट लेकर 104 सीटों पर जीत हासिल करने वाली भाजपा 2023 में हुए विधानसभा चुनावों में भी लगभग 36 प्रतिशत वोट लेने में कामयाब रही लेकिन मुस्लिम वोटों का जेडीएस के खेमे से निकलकर कांग्रेस के पाले में ध्रुवीकरण होने से उसकी सीटें घटकर महज 66 रह गईं। पश्चिम बंगाल के सागरदिघी विधानसभा उपचुनाव ने भी क्षेत्रीय दलों को सकते में डाल दिया था। दरअसल 60 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम आबादी वाला सागरदिघी विधानसभा क्षेत्र पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में आता है। कांग्रेस के पश्चिम बंगाल प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी का यह गृह जिला है। इस क्षेत्र में ममता बनर्जी का खासा प्रभाव भी है। इसीलिए वर्ष 2011 के बाद से लगातार यहां से तृणमूल कांग्रेस का प्रत्याशी विजयी होता रहा है। विधानसभा चुनाव 2021 में भी सुब्रत साहा ने इस सीट पर 50 हजार से अधिक मतों से जीत हासिल की थी। उन्हें प्रदेश सरकार में मंत्री भी बनाया गया था। लेकिन उनका निधन हो जाने के कारण इस साल फरवरी के अंत में इस सीट पर उपचुनाव कराया गया। इसमें कांग्रेस उम्मीदवार वायरन विश्वास ने तृणमूल कांग्रेस के देवाशीष बंदोपाध्याय को लगभग 23 हजार वोटों से पराजित कर दिया। मुस्लिम बहुल सीट पर मिली करारी हार से ममता बनर्जी को गहरा झटका लगा। इस हार का बदला लेने के लिए टीएमसी ने कांग्रेस के इकलौते विधायक वायरन विश्वास को तीन महीने के भीतर ही तोड़कर टीएमसी में शामिल कर लिया है। अयोध्या में विवादित ढांचा गिराए जाने के बाद से कांग्रेस से छिटके मुस्लिम मतदाता पश्चिम बंगाल के सागरदिघी उपचुनाव और कर्नाटक विधानसभा चुनावों में फिर से कांग्रेस की ओर झुकते दिखाई दे रहे हैं। मुस्लिम मतदाताओं की सोच में आए इस बदलाव से क्षेत्रीय दलों के नेताओं में घबराहट है। विपक्षी एकता के नाम पर वे कांग्रेस को अपने राज्यों में चुनाव लड़ने से रोकना चाहते हैं। इसीलिए कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजे आते ही ममता बनर्जी ने कांग्रेस बधाई दी और साथ ही सुझाव भी दे दिया कि वह सिर्फ उन 200 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे और जिन राज्यों में क्षेत्रीय दल मजबूत हैं वहां वह उनका समर्थन करे। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी उनके इस सुझाव का पुरजोर समर्थन किया है। आम आदमी पार्टी के नेता अरविन्द केजरीवाल भी चाहते हैं कि कांग्रेस दिल्ली और पंजाब में अपनी दावेदारी छोड़ दे। भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव भी कांग्रेस को तेलंगाना से दूर रखना चाहते हैं। विपक्षी एकता को लेकर हो रही सारी कोशिशों की आड़ में कांग्रेस और क्षेत्रीय दल एक दूसरे को मोदी की बी टीम साबित करने में जुटे हुए हैं। इस सारी कवायद का एकमात्र उद्देश्य सिर्फ भाजपा को हराने वाले दल के उम्मीदवार को वोट देने की मंशा रखने वाले मुस्लिम मतदाताओं की नजर में खुद को असली मोदी विरोधी साबित करना है ताकि इस बड़े वोट बैंक को एकमुश्त अपने खेमे में रोका जा सके।

**लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

# दिल भी मिलें तो बने बात

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रयास से पटना में 15 विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक हो चुकी है। इसमें शामिल नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए अगला लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ने की बात कही है। बैठक में शामिल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी व मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को राष्ट्रीय स्तर की मान्यता प्राप्त है, जबकि जनता दल (यूनाइटेड), राष्ट्रीय जनता दल, समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव), झारखंड मुक्ति मोर्चा, तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, द्रमुक, भाकपा, नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी, भाकपा (माले) अपने-अपने प्रदेशों में क्षेत्रीय दलों के रूप में मान्यता प्राप्त हैं। पटना की बैठक में शामिल 15 दलों की देश के 11 प्रदेशों में सरकार है। पिछले नौ साल में पहली बार यह दल एक मंच पर आए हैं। पटना में जुटे 15 दलों के लोकसभा में 142 सदस्य हैं। यह कुल लोकसभा सदस्यों का 26 प्रतिशत है। राज्यसभा में इन दलों के 94 सदस्य हैं। यह 38 प्रतिशत है। राज्यों की विधानसभाओं की कुल 4123 सीटों में से 1717 इन 15 दलों के पास है। यह कुल विधानसभा सदस्यों का 42 प्रतिशत है। कांग्रेस की देश के चार प्रदेशों राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक में सरकार है। कांग्रेस के पास लोकसभा में 49, राज्यसभा में 29 व विभिन्न प्रदेशों की विधानसभाओं में 725 सदस्य हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को कुल 11 करोड़ 94 लाख 95 हजार 214 वोट मिले थे। विपक्ष में सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते कांग्रेस चाहती है कि राहुल गांधी को नेता प्रोजेक्ट किया जाए। राजद नेता लालू यादव व तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन राहुल गांधी के पक्ष में खड़े हैं। ममता बनर्जी, शरद पवार, अरविंद केजरीवाल सामूहिक नेतृत्व की बात कर रहे हैं। पटना मीटिंग में शामिल इन नेताओं के हाथ तो जरूर मिले मगर अभी तक दिल नहीं मिल पाए हैं। अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली सरकार के खिलाफ लाए गए अध्यादेश के खिलाफ राज्यसभा में कांग्रेस को उनका समर्थन करने की बात कही। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे व अरविंद केजरीवाल में बहस भी हुई। खड़गे ने कहा कि हम ऐसा कोई वादा नहीं कर सकते हैं। हमारी पार्टी के मंच पर इस बाबत चर्चा करके फैसला लिया जाएगा। केजरीवाल ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि राज्यसभा में कांग्रेस उनकी सरकार के खिलाफ लाए गए अध्यादेश के खिलाफ मतदान नहीं करेगी तो भविष्य में वह किसी भी विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल नहीं होंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कांग्रेस द्वारा उनकी सरकार के खिलाफ चलाए जा रहे आंदोलन को लेकर नाराजगी जताई। ममता का कहना है कि पश्चिम बंगाल में उनकी सरकार अच्छा काम कर रही है। कांग्रेस जानबूझकर उनको बदनाम करने के लिए लगातार आंदोलन कर सरकार की छवि खराब कर रही है। कांग्रेस को अपने प्रादेशिक नेताओं को उनकी सरकार के खिलाफ आंदोलन करने से रोकना होगा। वहीं पश्चिम बंगाल में माकपा व भाकपा भी तृणमूल कांग्रेस की सरकार के खिलाफ सक्रिय है। पिछला विधानसभा चुनाव कांग्रेस, माकपा व भाकपा ने मिलकर लड़ा था। उसके बावजूद उनका खाता भी नहीं खुल सका था। इससे तीन दलों के नेताओं को ममता बनर्जी से खासी नाराजगी है। ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में वामपंथी दलों की सरकार को हटाकर सत्ता में आई थीं। कभी वामपंथ का गढ़ रहे पश्चिम बंगाल में आज वामपंथी दलों का एक भी विधायक या सांसद नहीं है। इसके लिए वामपंथी दलों के नेता ममता बनर्जी को जिम्मेदार मानते हैं। इसीलिए उनके खिलाफ लगातार हमलावर रहते हैं। जम्मू-कश्मीर में कभी नेशनल कॉन्फ्रेंस व पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी एक दूसरे की जानी दुश्मन होती थी। मगर दोनों ही दल अब सत्ता से बाहर हैं। इसलिए आपस में हाथ मिला रहे हैं। पीडीपी के पास तो एक भी जनप्रतिनिधि नहीं है। पिछले लोकसभा चुनाव में पीडीपी का खाता नहीं खुला। जम्मू-कश्मीर में अभी विधानसभा चुनाव होने हैं। पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती ने घोषणा कर रखी है कि जब तक जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं मिलेगा वह चुनाव नहीं लड़ेगी। महाराष्ट्र में शिवसेना उद्धव ठाकरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी व कांग्रेस की महाविकास अघाड़ी एकजुट होकर काम कर रही है। बिहार में जदयू, राजद, कांग्रेस, भाकपा माले, माकपा व भाकपा की मिली जुली सरकार चल रही है। बिहार सरकार में शामिल हम पार्टी के नेता जीतन राम मांझी ने पटना बैठक से एक दिन पूर्व बिहार सरकार से अलग होकर अपनी पार्टी का समर्थन वापस ले लिया। यह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए एक झटके से कम नहीं था। वह एक तरफ तो विपक्षी दलों को एक करने में लगे हैं। वहीं उनकी सरकार में शामिल पार्टी उनको छोड़कर भाजपा नीत एनडीए में शामिल हो जाती है। इससे नीतीश कुमार की मुहिम कमजोर पड़ती है। पटना बैठक में बहुजन समाज पार्टी, बीजू जनता दल, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी, भारत राष्ट्र समिति, अन्ना द्रमुक, तुलुगु देशम पार्टी, अकाली दल, जनता दल सेक्यूलर, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन, आल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट, मुस्लिम लीग सहित बहुत से ऐसे छोटे राजनीतिक दल जो कांग्रेस व भाजपा से समान दूरी रखकर चल रहे हैं। उनके नेता भी बैठक में शामिल नहीं हुए। इससे लगता है कि नीतीश कुमार की मुहिम अभी अधूरी है। जब तक भाजपा विरोधी छोटे-बड़े सभी राजनीतिक दल एक साझा मंच पर एकत्रित नहीं होंगे तब तक प्रधानमंत्री मोदी को हरा पाना संभव नहीं होगा।


## Social Media Corner

**सच के हक में...**



देशभर के किसान भाई-बहनों की समृद्धि और खुशहाली के लिए हमारी सरकार निरंतर प्रयासरत है। इसी दिशा में हमने यूरिया सब्सिडी योजना को 3 साल के लिए और बढ़ाया है। इसके साथ ही ढट-PRANAM सहित अन्नदाताओं के कल्याण से जुड़े कई अन्य कार्यक्रमों की शुरूआत भी की गई है।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



रांची से सटे नामकुम के रहने वाले आदिवासी होनहार युवा रॉबिन मिंज को आईपीएल में जगह मिली है। मुंबई इंडियंस ने उन्हें अपनी टीम के लिए चुना है हालांकि अभी कुछ समय तक रॉबिन इंग्लैंड में ट्रेनिंग लेंगे। आदिवासी समाज के लिए यह बहुत गौरव की बात है। आदिवासी युवा खेल, साहित्य, कला, मनोरंजन, ज्ञान - विज्ञान और शोध के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है। एक आदिवासी होने के नाते मुझे बहुत सुखद अनुभूति होती है। रॉबिन को उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाएं।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# जालंधर ट्रैवल एजेंट मामले में सबक लें

आज इंसान की धन पाने की लिप्सा कितनी विकराल हो चली है कि वह चंद रुपयों के लिये मासूम जिंदगियों से खिलवाड़ करने से भी गुरेज नहीं करता। कैसे-कैसे मां-बाप व रिश्तेदार कर्ज लेकर, सुनहरे सपनों को पूरा करने के लिये बच्चों को विदेश में पढ़ाई के लिए भेजने का इंतजाम करते हैं। ऐसे बच्चों का पैसा लेकर भी उनके साथ धोखाधड़ी हो जाए तो इसे दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जायेगा। भ्रष्ट एजेंट नहीं सोचते कि ये लड़के-लड़कियां प्रवासन कागजात फर्जी पाये जाने पर कहां जाएंगे, देश कैसे लौटेंगे? उनके सपनों का क्या होगा? हाल में ही जालंधर के एक ट्रैवल एजेंट की कनाडा में गिरफ्तारी कई राज खोलती है। एजेंट पर सैकड़ों छात्र-छात्राओं को फर्जी कॉलेज प्रवेश पत्र के आधार पर अध्ययन वीजा दिलाने में धोखाधड़ी का आरोप है। यह बात चौंकाती है कि उक्त एजेंट भी फर्जी कागजात के आधार पर कनाडा में घुसने की जुगत में था और उसके कर्मों का फल सामने आ गया। एजेंट की गिरफ्तारी के बाद उसे भारत वापस लाने व मुकदमा चलाने की कार्यवाही शुरू हो चुकी है। यह घटना उन तमाम भ्रष्ट एजेंटों के लिये भी एक सबक है जो फर्जी तरीके से लोगों को विदेश भेजने के कुत्सित प्रयासों में लगे हैं। उक्त एजेंट के खिलाफ गत 17 मार्च को जालंधर में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद उसे लुकआउट सर्कुलर का भी सामना करना पड़ा। दरअसल, कनाडा सरकार पंजाब व कुछ अन्य राज्यों से अध्ययन वीजा के जरिये पढ़ने गये छात्र-छात्राओं के सर्टीफिकेट फर्जी पाये जाने के बाद उन्हें देश छोड़ने के लिये कह रही थी। जिसके खिलाफ भारतीय छात्रों ने आंदोलन किया। राजनीतिक दबाव के बाद कनाडा सरकार ने महसूस किया कि ये छात्र धोखाधड़ी के शिकार हुए हैं। साथ ही सारे मामले की जांच के आदेश दिये गये हैं। विश्वास है कि मामले की वास्तविकता सामने आने के बाद संभवतः अध्ययन के लिये गये और नौकरी कर रहे युवाओं को देर-सवेर न्याय मिल सकेगा। दरअसल, पंजाब में कबूतरबाजी का लंबा इतिहास रहा है। बड़े नाम व कलाकार भी लोगों को फर्जी तरीके से विदेश भेजने की कोशिशों में लिप्त पाये गये। इस मामले में कई चर्चित लोगों की गिरफ्तारियां भी हुई हैं। लेकिन यह संभव नहीं कि सत्ता व तंत्र की काली भेड़ों की मिलीभगत के बिना अवैध प्रवासन का गोरखधंधा यूं ही बदस्तूर जारी रहे। कह सकते हैं कि नियामक संस्थाएं व निगरानी करने वाला तंत्र या तो आपराधिक लापरवाही में लिप्त है या फिर अपराधियों से सांठगांठ किये हुए है। किसी व्यक्ति को विदेश भेजने की प्रक्रिया खासी लंबी है और कई जगहों पर जांच की प्रक्रियाओं से गुजरती है। बिना किसी मिलीभगत के कोई आव्रजन एजेंट किसी व्यक्ति को विदेश भेज सके, यह संभव नहीं है। जाहिर है ऐसे मामलों की तह तक जाने की जरूरत है और दोषियों को ऐसा दंड दिया जाना चाहिए, जो फजीर्वाड़ा करने वालों के लिये नजीर का काम करे। दरअसल, कनाडा में जिन युवाओं के कागजातों को लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं उनमें से अधिकांश वर्ष 2017 से 2019 के बीच कनाडा पहुंचे थे। स्थायी निवास के लिये उनके आवेदन के दौरान पता चला था कि उनके शैक्षणिक संस्थानों में उनके द्वारा जमा किये गये कागजात फर्जी थे। निस्संदेह, हमें फर्जी प्रमाण पत्रों के खुलासे के बाद विदेश जाने वाले लोगों के कागजात के प्रमाणन की पुख्ता व्यवस्था करनी होगी। इस घोटाले से मिले सबक पर विचार करना जरूरी है। हमें नियामक प्रक्रिया को तार्किक बनाने की जरूरत होगी। साथ ही विदेश जाकर पढ़ाई करने के इच्छुक छात्रों के अभिभावकों को चाहिए कि इस डिजिटल युग में शिक्षण संस्थानों की बुनियादी पृष्ठभूमि की जांच किये बिना किसी एजेंट या व्यक्ति को बड़ी रकम का भुगतान न करें। सत्ताधीशों के लिये भी यह एक चेतावनी देने वाला घटनाक्रम है कि क्यों देश की प्रतिभाएं पढ़ाई व नौकरी के लिये विदेश जाने की होड़ में शामिल हैं?

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



भ्रष्टाचार रोकने के लिए चाहे जितने उपाय कर लिए जाएं, शातिर लोग कोई न कोई तरीका निकाल ही लेते हैं। फिर वह चाहे बड़ा मामला हो या छोटा। कुछ तो शातिर किस्म के लोग अपने फायदे के लिए अनियमितता को बढ़ावा देते हैं वहीं सिस्टम की खामियों का भी जमकर फायदा उठाया जाता है। जन वितरण प्रणाली में अनियमितताओं के मामले पहले से भी आते रहे हैं। सबसे ज्यादा मामले फर्जी लाभुकों द्वारा गलत तरीके से राशन उठाने से संबंधित मिल रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार ही कई ऐसे फर्जी राशन लाभुक हैं जो गरीबों का अनाज उठा रहे हैं। ऐसे लाभुकों को चिन्हित भी किया गया है, जो दो या उससे अधिक जगहों पर राशन कार्ड बनवाकर योजना का लाभ ले रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार ऐसे 2.29 लाख डुप्लीकेट राशन लाभुक हैं जो एक ही आधार नंबर के माध्यम से कई जगहों से राशन उठा रहे हैं। ये झारखंड में भी इसका लाभ ले रहे हैं और दूसरे राज्यों में भी राशन उठा रहे हैं। केंद्र की ओर से की गई जांच में ऐसे लाभुकों की सूची तैयार की गई है, जिसकी जांच कर सही लाभुक को रखा जा रहा है और जो गलत लाभुक हैं उनका नाम राशन कार्ड से हटाया जा रहा है। जरूरत सख्ती से नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने की है ताकि गरीबों को वितरण के लिए मिलनेवाले खाद्यान्न का घपला नहीं हो। सख्त मानिटरिंग सिस्टम से ही इस तरह की अनियमितताओं को रोका जा सकेगा।

**दीपक गुप्ता, साइबर सेक्युरिटी एक्सपर्ट।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# मोहाली में इस कारण नहीं रखे गये विश्वकप मुकाबले: बीसीसीआई

**मुम्बई (एजेंसी)।** 2023 विश्व कप का शेड्यूल जारी होने के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) जांच के घेरे में आ गया है। टूर्नामेंट दस शहरों में आयोजित किया जाएगा, ऐसे में बोर्ड को कई प्रसिद्ध स्टेडियमों को मैच आवंटित नहीं करने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। पंजाब के खेल मंत्री गुरुमीत सिंह मीत हेयर ने मोहाली को एक आयोजन स्थल के रूप में नजरअंदाज करने के लिए बीसीसीआई की आलोचना की और इसे एक राजनीतिक निर्णय करार दिया।

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिलाष खांडेकर ने भी इंदौर के होल्कर स्टेडियम में विश्व कप का आयोजन नहीं होने पर निराशा व्यक्त की, लेकिन अब वजह सामने आ चुकी है कि किस कारण यहां मैच नहीं करवाने का फैसला लिया गया।

## बीसीसीआई ने बताई बड़ी वजह

बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने आगामी विश्व कप के लिए मोहाली जैसे स्थानों को शामिल न करने के पीछे का कारण बताया। उन्होंने कहा कि स्टेडियम आईसीसी के अपेक्षित मानकों को पूरा नहीं करता है, जिसके कारण इसे मेजबानी के लिए हटा दिया गया। हालांकि, शुक्ला ने खुलासा किया कि यहां द्विपक्षीय सीरीज के मैच होंगे क्योंकि बोर्ड अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए किसी भी राज्य को भूखा नहीं रखना चाहता है।

शुक्ला ने कहा, 'मोहाली में मौजूदा स्टेडियम आईसीसी के मानकों पर खरा नहीं उतरा और इसलिए उसे मैचों से वंचित कर दिया गया। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें मैच नहीं दिए जाएंगे। द्विपक्षीय सीरीज के मैच उन्हें दिए जाएंगे। आयोजन स्थलों को अंतिम रूप देने में आईसीसी की सहमति अहम है। त्रिवेन्द्रम में पहली बार वार्म-अप मैच की मेजबानी दी गई है। ऐसा नहीं है कि किसी भी राज्य की अनदेखी की गई हो। काफी सोच-विचार के बाद स्टेडियमों का चयन किया गया है, यहां तक कि नॉर्थ ईस्ट जोन में भी मैच गुवाहाटी को मिले हैं। शेड्यूल में काफी समायोजन किया गया है।'

## फाइनल की मेजबानी अहमदाबाद करेगा

बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, धर्मशाला, हैदराबाद, लखनऊ और पुणे आईसीसी विश्व कप 2023 की मेजबानी करेंगे। इस बीच, कोलकाता, मुंबई और अहमदाबाद नॉकआउट और फाइनल सहित कुछ सबसे आकर्षक मुकाबलों की मेजबानी करेंगे।



# गुरु काशी यूनिवर्सिटी के छात्रों ने एशिया कप तीरंदाजी टूर्नामेंट में रचा इतिहास



**सिडनी (एजेंसी)।** गुरु काशी यूनिवर्सिटी के प्रतिभाशाली छात्रों के एक ग्रुप ने अंडर-21 कंपाउंड टीम इवेंट 50 मीटर तीरंदाजी में पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़कर इतिहास रच दिया है। साक्षी चौधरी, प्रगति और दीप शिखा ने सिंगापुर में आयोजित प्रतिष्ठित एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 2,076 अंक अर्जित किए।

इन युवा तीरंदाजों के असाधारण प्रदर्शन से 2,075 अंक का पिछला रिकॉर्ड टूट गया। यह उल्लेखनीय उपलब्धि न केवल यूनिवर्सिटी को गौरवान्वित करती है बल्कि गुरु काशी यूनिवर्सिटी के उभरते एथलीटों की अपार क्षमता को भी उजागर करती है।

गुरु काशी यूनिवर्सिटी के सम्मानित चांसलर गुरलाभ सिंह सिद्धू ने उन खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और संकाय सदस्यों के अथक प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने इन प्रतिभाशाली तीरंदाजों के कौशल को निखारने के लिए खुद को समर्पित किया है। सिद्धू ने अपने एथलीटों को अटूट समर्थन और विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए यूनिवर्सिटी की अटूट प्रतिबद्धता भी दोहराई।

साक्षी चौधरी, प्रगति और दीप शिखा की रिकॉर्ड तोड़ने वाली उपलब्धि खेल प्रतिभाओं के पोषण और विभिन्न विषयों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाला वातावरण बनाने पर यूनिवर्सिटी के फोकस का एक प्रमाण है। छात्रों की उपलब्धि न केवल उनके लिए सम्मान लाती है, बल्कि खेल को बढ़ावा देने और युवा एथलीटों को उत्कृष्टता हासिल करने के लिए एक मंच प्रदान करने में अग्रणी संस्थान के रूप में गुरु काशी यूनिवर्सिटी को भी पहचान दिलाती है।

सटीकता, तकनीक और मानसिक दृढ़ता के अपने असाधारण प्रदर्शन के साथ, इन छात्रों ने तीरंदाजी इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया है। उनकी सफलता देश भर के महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए एक प्रेरणा है, जो दर्शाती है कि समर्पण, कड़ी मेहनत और सही समर्थन के साथ वे भी महानता का लक्ष्य रख सकते हैं।

साक्षी चौधरी, प्रगति और दीप शिखा की उल्लेखनीय उपलब्धि न केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा को दर्शाती है बल्कि भारतीय तीरंदाजी के उज्ज्वल भविष्य को भी उजागर करती है। अपने अटूट दृढ़ संकल्प और अविश्वसनीय कौशल के साथ, ये युवा तीरंदाज नए मानक स्थापित कर रहे हैं और भावी पीढ़ियों के लिए मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

# विश्व कप क्वालीफाइंग में श्रीलंका व जिम्बाब्वे सबसे आगे




**हरारे (एजेंसी)।** (ईएमएस)। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 क्वालीफायर मुकाबलों के बाद श्रीलंका व जिम्?बाब्वे की टीमें सबसे आगे हैं। अब गुरुवार से सुपर सिक्स चरण शुरू होगा। इसमें ग्रुप ए और बी से आगे बढ़ने वाली छह टीमों को अंतिम दौर के मैचों से पहले ही तय कर लिया गया था। सुपर सिक्स चरण में प्रत्येक टीम साथी शीर्ष-तीन फिनिशरों के खिलाफ अपने ग्रुप मैचों से अंक आगे बढ़ाएगी। इस प्रकार जिम्बाब्वे और श्रीलंका दोनों चार अंकों पर आगे बढ़ेंगे, नीदरलैंड और स्कॉटलैंड दो अंकों पर, और वेस्ट इंडीज ओमान शून्य के साथ आगे बढ़ेंगे। प्रत्येक टीम को अब तीन और मैच खेलने हैं, इसमें दूसरे ग्रुप से क्वालीफाई करने के लिए तीन टीमों के खिलाफ मुकाबले शामिल हैं ग्रुप स्तर के समापन पर शीर्ष दो टीमें फाइनल में पहुंचती हैं और दोनों इस साल के अंत में भारत में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए क्वालीफाई करती हैं।

श्रीलंका ने इस टूर्नामेंट की शुरुआत शीर्ष रैंकिंग वाली टीम के रूप में की थी, और वे इस साल के अंत में भारत पहुंचने के लिए अच्छी स्थिति में है। वहीं क्वालीफायर मैचों का मेज़बान जम्बिाब्वे भी बड़े घरेलू दर्शकों के सामने शानदार क्रिकेट खेल रहा है। दूसरी ओर वेस्ट इंडीज के लिए विश्व कप से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि नीदरलैंड के खिलाफ सुपर ओवर में मिली हार ने उसकी स्थिति खराब कर दी है। स्कॉटलैंड अगले स्थान पर है, जहां वेस्टइंडीज बोर्ड पर कुछ अंक हासिल करने और नेट रन रेट को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ी जीत की तलाश में है।

# जय शाह ने सुनिश्चित किया कि क्रिकेट विश्व कप मैच में गुजरात को प्राथमिकता मिले: टीएमसी



**नयी दिल्ली।(एजेंसी)।** तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता साकेत गोखले ने आरोप लगाया कि बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सुनिश्चित किया कि पांच अक्टूबर से शुरु होने वाले क्रिकेट विश्व कप के लिए स्टेडियम चुनने में गुजरात को अन्य राज्यों की तुलना में प्राथमिकता दी गयी क्योंकि वह गृहमंत्री अमित शाह के बेटे हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और मेजबान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा की जिसमें विपक्ष के कुछ नेताओं ने राजनीतिक हस्तक्षेप का संकेत दिया और अहमदाबाद को बड़े मैच की मेजबानी दिये जाने पर सवाल उठाये जबकि कई अन्य राज्यों को कोई भी मैच नहीं मिला।

टीएमसी के प्रवक्ता साकेत गोखले ने बुधवार को ट्वीट किया, ''आईपीएल 2023 का शुरुआती मैच नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, आईपीएल 2023 का फाइनल नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, क्रिकेट विश्व कप 2023 का शुरुआती मैच नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, क्रिकेट विश्व कप 2023 का फाइनल भी नरेंद्र मोदी स्टेडियम में।'' उन्होंने ट्वीट किया, ''जय शाह - बीसीसीआई सचिव और अमित शाह का बेटा - सुनिश्चित करते हैं कि गुजरात को अन्य राज्यों की तुलना में हमेशा प्राथमिकता दी जाये।

# रोहित, विराट सहित भारतीय खिलाड़ियों का विश्वकप मैच स्थलों पर रहा है अच्छा रिकार्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा अपनी धरती पर होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में नौ स्थलों पर धूम मचा सकते हैं। इसका कारण है कि इन स्थलों पर इन दोनो का ही बल्ला जमकर चला है। विश्व कप के मुकाबले 5 अक्टूबर से खेले जाएंगे। इसमें भारतीय टीम को लीग राउंड में 9 मैच 9 स्थलों पर खेलने हैं। भारत को 9 स्थलों पर जो मुकाबले खेलने हैं, उसमें रोहित और विराट ने जमकर रन बनाये हैं। कोहली ने 47 एकदिवसीय की 46 पारियों में 45 की औसत से 1951 रन 90 के स्ट्राइक रेट से बनाये हैं। इस दौरान उन्होंने 6 शतक और 12 अर्धशतक लगाये। वहीं रोहित ने इन 9 स्थलों पर अब तक 29 एकदिवसीय में 45 की औसत से 1302 रन बनाए हैं। इसमें ती शतक और 4 अर्धशतक शामिल हैं। उनका स्ट्राइक रेट 97 का है। रोहित ने 264 रन की सर्वश्रेष्ठ पारी भी इन्हीं स्थलों पर खेली है। इन दोनो के अलावा इन स्थलों पर युवा बल्लेबाज शुभमन गिल से लेकर केएल राहुल का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। राहुल चोटिल होने के कारण अभी एनसीए में रिहैब कर रहे हैं। उनका विश्व कप खेलना तय माना जा रहा है। वह विकेटकीपर के तौर पर मध्य क्रम में अहम भूमिका निभा सकते हैं। एकदिवसीय टीम के उप-कप्तान हार्दिक पंड्या का भी इन स्थलों पर स्ट्राइक रेट 103 का रहा है। वह भी बतौर ऑलराउंडर टीम के लिए सबसे अहम भूमिका निभा सकते हैं।

# विश्वकप कार्यक्रम घोषित होती ही अहमदाबाद के होटलों की कीमतें आसमान पर पहुंचीं

अहमदाबाद। आईसीसी के विश्वकप क्रिकेट कार्यक्रम घोषित करते ही यहां के होटलों की कीमतें तेजी से बढ़ गयी हैं। विश्वकप मैच में अभी करीब तीन महीने के समय है पर अभी से ही होटलों के कमरों का किराया आसमान छूने लगा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के पांच सितारा होटलों में बेस कैटेगरी के कमरे का किराया ही एक रात के लिए 50,000 रुपए तक पहुंच गया है, जबकि आम दिनों में ऐसे कमरों की कीमत सामान्य तौर पर 6,500 से 10,500 रुपए के बीच होती है।

होटल उद्योग जगत से जुड़े लोगों के अनसार भारत और पाकिस्तान के बीच 15 अक्टूबर को होने वाले मैच को लेकर भी भारी उत्साह है। इसी कारण 13 से 16 अक्टूबर के लिए अभी से बुकिंग हो गयी है। वहीं माना जा रहा है कि अन्य मैचों के समय भी शहर के होटलों में भारी बुकिंग रहेगी।' साथ ही कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समूहों, प्रशंसकों और प्रायोजकों से भी बुकिंग को लेकर इन्क्वॉयरी आ रही हैं। इस दौरान कई वीवीआईपी लोगों के आने की भी उम्मीदे हैं।

अब तक अधिकतर पांच सितारा होटलों में मैच के दिनों के लिए 60 से 90 फीसदी कमरे बुक हो गये हैं। उद्घाटन समारोह और इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड के बीच पहले मैच के लिए, इंग्लैंड और प्रमुख समूहों की ट्रैवल एजेंसियों द्वारा बुकिंग पहले ही की जा चुकी है।'

उद्योग जगत के अनुसार, बेस कैटेगरी के कमरे के लिए लगभग 500 पाउंड स्टर्लिंग या लगभग 52,000 रुपए और प्रीमियम श्रेणी के कमरों के लिए 1,000 पाउंड स्टर्लिंग (1 लाख रुपए) या उससे अधिक लिया जा रहा है। एक होटल समूह ने कहा कि 14 से 16 अक्टूबर के लिए उनके दो होटलों में सभी कमरे पहले ही बुक हो गये हैं।

भारत और पाकिस्तान के बीच 15 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुकाबला होगा। वहीं 19 नवंबर को फाइनल खेला जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत भी यहीं गत विजेता विजेता इंग्लैंड और उपविजेता न्यूजीलैंड के बीच पांच अक्टूबर को शुरुआती मुकाबले से होगी।

# एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप में भारत के आगे जापान ने टेके घुटने, 62-17 से जीता मुकाबला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप 2023 में भारतीय टीम ने धमाकेदार शुरुआत की है। बुधवार को जापान के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भारत ने विपक्षी टीम को जबरदस्त तरीके से धूल चटाई है। इस मुकाबले में पहले हाफ में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और मुकाबले में अपनी स्थिति को मजबूत कर लिया, जिसके आगे जापान की टीम कुछ खास कमाल नहीं कर सकी। इस मुकाबले में भारत ने जापान को 62-17 से मात दी है।




इस मुकाबले में भारतीय टीम ने काफी अच्छा खेल दिखाया। मुकाबले का पहला हाफ खत्म होने पर भारत का स्कोर 32 रहा था जबकि जापान महज 6 अंक पर था। भारतीय टीम ने पहले हाफ में ही 26 अंकों की बढ़त बनाई थी। भारतीय टीम की ये बढ़त आगे भी जारी रही। इस शानदार बढ़त को मजबूत बनाते हुए भारत ने अंत में 62-17 से ये मुकाबला अपने नाम कर लिया।

बता दें कि इस मुकाबले में भारतीय टीम के लिए पहला पॉइंट पवन सेहरावत ने बनाया। पवन के बाद मुकाबले में खिलाड़ियों ने लगातार अंक बटोरे और जापान को पछाड़ते गए। जापान ने पहला अंक उस समय हासिल किया जब भारत 18 अंक बना चुकी थी। इसके बाद दूसरे हाफ के दौरान भारतीय टीम ने शुरुआती पांच मिनट में ही पूरी जापान की टीम को ऑलआउट करने में सफलता हासिल की। इस दमदार प्रदर्शन की मदद से भारत की टीम 13वें मिनट में 50 के स्कोर तक पहुंची जबकि जापान सिर्फ 12 अंक पर सिमटा हुआ था।

मुकाबले के अंत में भारत 62 स्कोर पर थी जबकि जापान की टीम सिर्फ 17 अंक हासिल कर सकी। भारत ने 45 अंकों के बड़े अंतर से इस मुकाबले में कब्जा जमाया है। जापान ने पहले हाफ में 6 और दूसरे हाफ में 11 अंक बनाए है। वहीं भारत ने पहले हाफ में 32 और दूसरे मे 30 अंक बनाए। भारत के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पूरे मुकाबले में भारतीय टीम का ही दबदबा रहा।

# डायमंड लीग से वापसी करेंगे नीरज

लुसाने। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा इस माह के अंत में 30 जून को होने वाले डायमंड लीग के छठे चरण से खेल में वापसी कर सकते हैं। नीरज अभी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण खेल से दूर हैं। नीरज ने अपनी वापसी को लेकर अभी तक कुछ नहीं कहा है पर आयोजकों के अनुसार वह इस लीग में खेलेंगे। इस प्रतियोगिता में नीरज को चेक (गणराज्य) के जाकुब वाडलेच और जर्मनी के जूलियन वेबर से मुकाबला करना होगा। नीरज ने पिछले महीने माह ही ट्विटर पर घोषणा की थी कि प्रशिक्षण के दौरान उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और इसी कारण वह नीदरलैंड में एफबीके गेम्स और फिनलैंड में पावो नूरमी खेलों से बाहर रहे। इसके अलावा वह भुवनेश्वर में जारी राष्ट्रीय अंतरराज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप से भी बाहर रहे।

# विश्व कप 2023 में पाक टीम के मैचों के लिए होगी कड़ी सुरक्षा : कैब

कोलकाता। बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने कहा है कि आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के मैचों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि हमें अपने पुलिस प्रशासन पर पूरा भरोसा है। साथ ही कहा कि अन्य मैचों की अपेक्षा इस मैच में सुरक्षा कुड ज्यादा रहेगी। विश्वकप के पांच मैच यहां के ईडन गार्डन में होंगे। जिसपर कैब ने खुशी व्यक्त की है। उसे भारत और दक्षिण अफ्रीका जैसे अहम मैच की भी मेजबानी मिली है। कैब प्रमुख ने पांच अहम मैचों की मेजबानी दिने के लिए बीसीसीआई और उसके सचिव जय शाह को धन्यवाद दिया। कैब अध्यक्ष ने कहा, हम संतुष्ट हैं। मैं वास्तव में जय शाह, बीसीसीआई और आईसीसी को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं पिछले 4 महीनों से काम कर रहा था। शाह ने मुझे अच्छे मैच देने का वादा किया। मैंने जय शाह और बीसीसीआई को धन्यवाद दिया कि उनके पास ईडन गार्डन्स के बारे में अच्छा दृष्टिकोण है। ईडन पाकिस्तान के मैचों की मेजबानी करने जा रहा है जिसके लिए उच्च सुरक्षा की आवश्यकता है। इसपर स्नेहासिस ने कहा, हम पहले से ही टी20 में भारत और पाक मैचा की मेजबानी कर चुके हैं। लेकिन हमारे पास दो पाक मैच हैं। ये मैच कठिन हैं। विश्व कप का आयोजन चुनौतीपूर्ण है। हम किसी भी तरह की चुनौती लेने के लिए तैयार हैं। पाकिस्तान के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। पाकिस्तान पहले भी कोलकाता में खेल चुका है और यहां खेलना उसकी प्राथमिकता रहा है।

# आयरलैंड ने विश्व कप क्वालीफायर में यूएई को हराया

### –स्टर्लिंग ने की युवराज के 14 शतकों के रिकार्ड की बराबरी

**बुलावायो (एजेंसी)।** पॉल स्टर्लिंग के आक्रामक शतक की सहायता से आयरलैंड ने विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ 138 रनों से बड़ी जीत दर्ज की है।। आयरलैंड ने स्टर्लिंग के 162 रनों की सहायता से निर्धारित 50 ओवर के4 विकेट पर 349 रन बनाए। इसके बाद जीत के लिए मिले 350 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए यूएई की टीम 211 रन पर ही आउट हो गयी। श्रीलंका की ओर से महीष तीक्षणा ने तीन विकेट लेकर यूएई को समेटने में अहम भूमिका निभाई। इस मैच में खेल का आकर्षण स्टर्लिंग की पारी रही। इस बल्लेबाजी ने 134 गेंद में 162 रनों की पारी खेली और इस दौरान 15 चौके और 8 छक्के लगाये। स्टर्लिंग का यह 14वां एकदिवसीय शतक हैं। इसी के साथ ही इस बल्लेबाजी ने दिग्गज भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह के 14 शतकों के रिकार्ड की भी बराबरी की है। युवराज ने 300 से भी ज्यादा मैचों में ये 14 शतक लगाए थे। आयरलैंड ने स्टर्लिंग के शतक, कप्तान एंड्रयू बिलबर्नी के 88 गेंद में 66 और हैरी टैक्टर के 33 गेंद में 57 रनों की सहायता से बड़ा स्कोर बनाया। वहीं यूएई की ओर से संचित शर्मा ने सबसे अधिक 3 विकेट लिए। उन्होंने 7 ओवर में 46 रन भी दे दिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई टीम की ओर से मुहम्मद वसीम और आर्यांस शर्मा ने पारी की शुरुआत की। अर्यांस 18 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद यूएई के बल्लेबाजों ने नियमित अंतराल पर अपने विकेट खाये। वसीम ने सबसे सबसे अधिक 45 जबकि सचिंत ने 44 रन बनाए। यूएई टीम के 211 रन पर आऊट होने के कारण आयरलैंड ने यह मैच 138 रन से जीत लिया। इसी तरह श्रीलंका ने स्कॉटलैंड को 82 रन से हरा दिया।

# भारत और कुवैत का मुकाबला हुआ ड्रॉ, दोनों टीमों के खिलाड़ी भिड़े, भारतीय कोच को मिला रेड कार्ड

सैफ चैंपियनशिप में मंगलवार को भारत और कुवैत के मुकाबले में काफी रोमांच और हंगामा देखने को मिला। बेंगलुरु में दोनों टीमों के बीच खेला गया ये मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा। भारतीय टीम का टूर्नामेंट में ये तीसरा मुकाबला था जो ड्रॉ की भेंट चढ़ गया। ये पूरा मुकाबला हाई वोल्टेज ड्रामे की भेंट चढ़ा, जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों में कई बार भिड़ंत होती दिखी। मुकाबले के पहले हाफ में ही खिलाड़ियों के बीच तीखी बहस और नोक झोंक होते हुए दिखी। यहां भारत के आकाश मिश्रा और कुवैत के खिलाड़ी आपस में भिड़ गए और दोनों में बहस हुई, जो कुछ समय बाद शांत हुई।



इसके बाद दूसरे हाफ में कुवैत के खिलाड़ियों ने आक्रामक रुख अपनाते हुए खेल खेला और भारतीय खिलाड़ियों को लगातार परेशान करने का सिलसिला जारी रखा। कुवैत के खिलाड़ी हमाद अलकल्लाफ ने भारत के सहल समद को धक्का दिया और उन्हें नीचे गिरा दिया। भारत के रहीम अली ने हमाद अलकल्लाफ को नीचे गिराया, जिसके बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों में तीखी बहस हुई। इस बहस के कारण रेफरी ने रहीम और हमाद अलकल्लाफ को रेड कार्ड दिखाया और दोनों को बाहर बैठना पड़ा। वहीं इस रेड कार्ड से भारतीय टीम को धक्का लगा है क्योंकि रहीम को सेमीफाइनल में खेलने का मौका नहीं मिलेगा।

# ऋषभ फिट होते तो भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार होती : श्रीकांत

**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व चयनकर्ता क्रिस श्रीकांत ने दावा किया है कि अगर विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत फिट होते और टीम के लिए खेलते तो भारत इस साल वनडे विश्व कप का असली दावेदार होता।


पंत फिलहाल पिछले साल दिसंबर में एक भीषण कार दुर्घटना में लगी चोटों से उबर रहे हैं। घटना से पहले, विकेटकीपर ने 12 मैचों में 336 रन बनाए थे, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 125 रन की मैच विजेता पारी भी शामिल थी। वनडे विश्व कप के लिए शेड्यूल 27 जून को जारी किया गया था। भारत का पहला मैच 8 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ है। इंडिया टुडे से बात करते हुए, श्रीकांत ने कहा कि अगर पंत फिट होते और खेल रहे होते, तो भारत विश्व कप जीतने का असली दावेदार होता।

पूर्व चयनकर्ता ने कहा, 'हम ऋषभ पंत के बारे में वास्तविक सच्चाई नहीं जानते हैं। क्योंकि ऋषभ पंत, अगर वह खेल रहे होते, तो मैं सीधे कह देता कि भारत विश्व कप के लिए असली दावेदार है। लेकिन मुझे लगता है कि जाहिर तौर पर, ऋषभ पंत की फिटनेस संदिग्ध है। मुझे पता है कि वह विश्व कप से पहले कितने फिट नहीं होंगे। मुझे इसमें संदेह है। कई लोगों को संदेह है कि वह 2023 विश्व कप खेलेंगे या नहीं।' पंत की अनुपस्थिति के बावजूद, श्रीकांत ने कहा है कि भारत में विश्व कप जीतने की क्षमता है और उन्होंने विराट कोहली, रोहित शर्मा, शुबमन गिल और केएल राहुल जैसे खिलाड़ियों का प्रदर्शन करने का समर्थन किया। उन्होंने कहा, 'तो मेरा मानना है कि केएल राहुल जैसे खिलाड़ी को मध्यक्रम में आना चाहिए। केएल राहुल शानदार रहे हैं। हमारे पास रोहित शर्मा हैं, जो शुबमन गिल के साथ ओपनिंग करते हैं। फिर हमारे पास विराट कोहली हैं, जो इस प्रारूप में शानदार रहे हैं और वह फॉर्म में हैं। मेरा मानना है कि भारत में विश्व कप जीतने की क्षमता है।'





# सिद्धार्थ मल्होत्रा मेरे सबकुछ हैं कियारा



बालीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा बी-टाउन के पावर कपल हैं। कुछ दिनों पूर्व ही दोनों शादी की। कियारा ने अपने पति सिद्धार्थ को अपना सबकुछ बताया है। एक्ट्रेस सिद्धार्थ से शादी करके खुद को खुशकिस्मत मानती हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि उनके पति ही अब उनका घर हैं। एक्ट्रेस ने कहा- अभी-अभी मेरी शादी हुई है। यह एक लव मैरिज थी। मैं सच्चे प्यार पर भरोसा करती हूं। घर दो लोगों से बनता है और मैं बहुत खुशकिस्मत हूं कि जो मेरे साथ हैं, जिनके साथ मैंने अपनी जिंदगी बिताने का फैसला किया, वह मेरे पति के साथ-साथ बेस्ट फ्रेंड भी हैं। मेरे लिए वह मेरा सब कुछ हैं। वह मेरा घर हैं। हम जहां भी रहे, चाहे दुनिया में कहीं भी हों, जिस शहर में हों, मेरे लिए वही मेरा घर हैं।

कियारा और सिद्धार्थ के बीच प्यार की शुरुआत फिल्म शेरशाह के सेट पर हुई थी। करण जौहर की निर्देशित फिल्म में कपल ने लीड रोल प्ले किया था। इसके बाद से ही दोनों के बीच अफेयर की खबरें शुरू हो गई थीं। कपल ने गुपचुप तरीके से डेटिंग की और 7 फरवरी 2023 को शादी करके अपने रिश्ते को ऑफिशियल कर दिया था। कियारा और सिद्धार्थ शादी के बाद अपनी-अपनी प्रोफेशनल लाइफ में बिजी हो गई हैं। सिद्धार्थ इन दिनों अपकमिंग फिल्म योद्धा की शूटिंग कर रहे हैं। कियारा अपनी अपकमिंग फिल्म सत्यप्रेम की कथा को लेकर सुर्खियों में हैं।

इस मूवी में वह एक बार फिर कार्तिक आर्यन के साथ स्क्रीन शेयर करती हुई नजर आएंगी। ये मूवी 29 जून 2023 को रिलीज होगी। कियारा के पास रामचरण के साथ मूवी गेम चेंजर भी है, जिसकी रिलीज डेट अभी तक सामने नहीं आई है।साथ ही वह इंडियन पुलिस फोर्स से डिजिटल डेब्यू करने के लिए भी एकदम तैयार हैं। इस सीरीज में उनके साथ शिल्पा शेट्टी और विवेक ओबरॉय नजर आएंगे। रोहित शेट्टी की निर्देशित सीरीज प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।



## फ्लोरल ड्रेस में रश्मि देसाई का बॉस लेडी लुक

टीवी एक्ट्रेस रश्मि देसाई अक्सर अपने हॉट एंड ग्लैमरस तस्वीरों से इंटरनेट पर तहलका मचाती रहती हैं। चाहे ट्रेडिशनल हो या वेस्टर्न रश्मि हर आउटफिट में बेहद खूबसूरत दिखती हैं। शर्ट और ब्लेज़र लंबे समय से ग्लैमर की दुनिया पर राज कर रहे हैं और हमारी पसंदीदा बॉलीवुड दिवा रश्मि देसाई जानती हैं कि इन्हें कैसे बेहतरीन दिखना है। उनका लेटेस्ट आउटफिट जिसमें थ्री पीस पैंट सूट शामिल है, वो उनके पहनावे की पूर्णता को दर्शाता है। फ्लोरल अभिनेत्रियों के बीच एक नया चलन है और रश्मि ने गर्मी से बचने को पूरी तरह से अपना मिशन बना लिया है, लेकिन स्टाइल में वह उन्हें क्लास के साथ पूरा करती है। रश्मि को अक्सर चमकीले रंगों में फूलों की पोशाक में देखा जाता है जो उत्तम दर्जे के साथ-साथ सेक्सी भी लगते हैं। इस बार वह पेस्टल रंग की ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं।



## सनी और पत्नी पूजा का रिश्ता रोलर कोस्टर राइड से कम नहीं

बालीवुड एक्टर सनी देओल और उनकी पत्नी पूजा देओल बहुत मौकों पर एक साथ नजर आते हैं। इन दोनों का रिश्ता भी किसी रोलर कोस्टर राइड से कम नहीं रहा है। सनी देओल ने साल 1983 में फिल्म बेताब से अपने करियर की शुरुआत की थी। सनी देओल ने अपनी पहली ही फिल्म से धूम मचा दी थी। बॉलीवुड में स्टार बनने के समय ही सनी देओल ने लंदन में गुपचुप शादी रचा ली थी। स्टार बनने के बाद कई साल तक सनी देओल अपनी शादी की खबर से इंकार करते रहे। इसी दौरान सनी देओल का उनकी हीरोइन्स के साथ अफेयर के चर्चे भी आम हो गए। अफेयर की खबरें आते ही सनी देओल और उनकी पत्नी पूजा देओल के रिश्ते में काफी उतार-चढ़ाव भी आते रहे। सनी देओल की पत्नी पूजा देओल ब्रिटेन की रहने वाली थी और उनका असली नाम लिंडा देओल है। पूजा देओल 21 सितंबर 1957 में इंग्लैंड में जन्मी थीं।पूजा की मां सारा महल एक ब्रिटिश महिला थीं और ब्रिटेन के शाही परिवार के ताल्लुक रखती थीं। शाही खानदान से आने के चलते पूजा देओल पर भी मीडिया की काफी नजरें रहती थीं। जब सनी देओल के अफेयर की खबरें अमृता सिंह और डिंपल कपाड़िया के साथ सामने आईं तो सनी देओल की शादी-शुदा जिंदगी में भी हलचल देखने को मिलने लगी। हालांकि समय के साथ सब ठीक हो गया और आज दोनों खुशी-खुशी जिंदगी बिताते हैं। पूजा देओल भी फिल्मों से जुड़ी हुई हैं और बतौर राइटर काम करती हैं। पूजा देओल ने कई फिल्मों की कहानियां भी लिखी हैं। हालांकि पूजा लाइमलाइट से दूर रहती हैं और कभी भी मीडिया के सामने नहीं आतीं। हाल ही में दोनों अपने बेटे करण की शादी में जश्न के मूड में नजर आए। इसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर छाईं रहीं। पूजा देओल पर भी फैन्स की नजरें रहीं और उनकी खूबसूरती की जमकर तारीफ करते रहे। सनी देओल के बेटे करण देओल की शादी में उनका पूरा परिवार खूब जोश में दिखा। सनी देओल भी अपनी पत्नी पूजा देओल के साथ शादी में खूब जश्न मनाते नजर आए।

## भोला शंकर में चिरंजीवी एक पावर-पैक भूमिका में



बालीवुड के निर्देशक मेहर रमेश भोला शंकर में चिरंजीवी को एक पावर-पैक भूमिका में पेश कर रहे हैं। यह मेगास्टार के साथ मेहर रमेश पहली फिल्म है। फिल्म का टीज़र आज लॉन्च किया गया है। टीज़र की शुरुआत एक वॉयसओवर से होती है जिसमें कहा जाता है कि एक व्यक्ति ने 33 लोगों को बेरहमी से मार डाला है और कोलकाता पुलिस हत्यारे की तलाश कर रही है। टीज़र चिरंजीवी के एक्शन से भरपूर अवतार को दिखाने के लिए आगे बढ़ता है क्योंकि वह अपना स्वैग दिखाते हैं और गुंडों को उनकी मांद में मारने के लिए तैयार हो जाते हैं। टीज़र में कीर्ति सुरेश, तमन्ना भाटिया और सुशांत जैसे अभिनेताओं द्वारा निभाए गए अन्य पात्रों का भी परिचय दिया गया है।फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने टीज़र के बारे में कहा, 卐मेहर रमेश इस अवसर का पूरा उपयोग करना चाहते थे और चिरंजीवी को एक पुराने सामूहिक अवतार में दिखाना चाहते थे। वह फिल्म में प्रभावशाली संवाद और शक्तिशाली एक्शन दृश्यों को जोड़कर चिरंजीवी को एक मजबूत स्क्रीन उपस्थिति देना चाहते थे। चिरंजीवी के चरित्र को सही ऊंचाई देने के लिए थीम गीत जोड़ा गया था। कुल मिलाकर, वह एक ऐसा टीज़र बनाने के इच्छुक थे जो उत्साह बढ़ा दे। सत्यानंद की कहानी और तिरुपति ममीडाला के संवादों के साथ, फिल्म में कार्यकारी निर्माता के रूप में किशोर गैरीकिपति हैं। रामब्रह्मम सुनकारा और अनिल सुनकारा की एके एंटरटेनमेंट्स द्वारा निर्मित, भोला शंकर का काम पूरा होने वाला है। यह फिल्म स्वतंत्रता दिवस से पहले 11 अगस्त को दुनिया भर में रिलीज होने वाली है। कलाकारों की बात करें तो फिल्म में रघु बाबू, मुरली शर्मा, रविशंकर, वेनेला किशोर, तुलसी, सुरेका वाणी, श्री मुखी, हाइपर आदि, विवा हर्ष, प्रदीप, अनी, बिथिरी साथी, सत्या, वेणु टिल्लू, थगुबोटु रमेश, रश्मी गौतम, उत्तेज, वीर, शाहवर अली और तरुण अरोड़ा गेटअप श्रीनु भी हैं। तकनीकी दल के बारे में बात करते हुए, डुडले ने सिनेमैटोग्राफी की है जबकि महती स्वरा सागर ने बैकग्राउंड स्कोर तैयार किया है। मार्तंड के वेंकटेश संपादक हैं, जबकि एएस प्रकाश प्रोडक्शन डिजाइनर हैं।



## जल्द ही एक्टिंग करते नजर आएंगे अब्दू रोजिक

तजाकिस्तानी सिंगर अब्दू रोजिक सबी को लेकर एक अच्छी खबर सामने आई है। दुनिया के सबसे छोटे सिंगर अब्दू रोजिक अब जल्द ही एक्टिंग करते नजर आने वाले हैं। वैसे तो लोगों को उम्मीद थी कि अब्दू किसी का भाई किसी की जान में नजर आएंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ, हां लेकिन अब अब्दू के फैंस उन्हें एक्टिंग करते देख पाएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक तजाकिस्तानी सिंगर जल्द ही सीरियल प्यार का पहला नाम- राधा मोहन में एंट्री ले सकते हैं। इस सीरियल में शब्बीर अहलुवालिया और निहारिका रॉय लीड रोल निभा रहे हैं। इस सीरियल के आने वाले एपिसोड में दिखाया जाएगा कि, दामिनी (संभावना मोहंती) गुनगुन का अपहरण कराने की योजना बनाएगी। जिसके लिए वह अब्दु को हायर करेंगी।

अब्दु का कैरेक्टर ऐसा होगा कि वह गुनगुन को चोट नहीं पहुंचाएगा, बल्कि पैसों के लिए वह दामिनी के आदेशों का पालन करता है। यह अब्दु का कैमियो ट्रैक होगा, जिसे शुरुआत में निगेटिव मगर बाद में पॉजिटिव एंगल से दिया जाएगा। बता दें कि, सिंगिंग एक्टिंग के साथ अब्दू रोजिक एक बिजनेसमैन भी बन गए हैं। उन्होंने कुछ दिनों पहले मुंबई में अपना रेस्ट्रां खोला है। जिसका नाम बुरगीर रखा है।बता दें कि अब्दू अक्सर अपनी क्यूट बातों की वजह से चर्चा में बने रहते हैं। अब्दू की क्यूटनेस का हर कोई दीवाना है। बिग बॉस में भी अब्दू को खूब पसंद किया हालांकि, वह शो जीत नहीं पाए।

## कंगना रनौत के हाथ लगा बड़ा प्रोजेक्ट

अभिनेत्री-निर्देशक-निर्माता कंगना रनौत, जो अपनी आगामी निर्देशित फिल्म 'इमरजेंसी' की रिलीज के लिए तैयार हैं, ने साझा किया है कि फिल्म पर काम करने से उन्हें आधुनिक भारतीय इतिहास की गहरी समझ मिली है। 'इमरजेंसी', जिसमें कंगना पूर्व भारतीय प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाती हैं, 1975 में गांधी द्वारा घोषित आपातकाल की घटनाओं का अनुसरण करती है, जिसे सबसे काले दौर में से एक माना जाता है। कंगना रनौत ने कई बार कहा है कि सुशांत सिंह राजपूद की मौत के बाद जिस तरह से उन्होंने बॉलीवुड के माफियों का काला चिट्ठा खोला है उसके बाद बहुत कम लोग है जो उनके साथ काम करना चाहते हैं। कंगना के पास फिल्में भी ज्यादा नहीं हैं लेकिन अब उनके हाथ एक फिल्म लगी हैं। अभिनेत्री कंगना रनौत और फिल्म निर्माता संदीप सिंह जल्द ही एकसाथ एक नई फिल्म पर काम शुरू करने जा रहे हैं। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस फिल्म की शूटिंग अगले साल के शुरु में आरंभ होने की उम्मीद है। फिल्म निर्माता जल्द ही इसके निर्देशक और फिल्म के नाम की घोषणा करेंगे। 'फैशन', 'तनु वेड्स मनु', 'क्वीन' और 'पंगा' जैसी फिल्मों में अभिनय कर चुकी कंगना ने कहा कि यह फिल्म ''उनके करियर की सबसे बड़ी फिल्म होगी।'' कंगना (36) ने एक बयान में कहा,'' संदीप और मैं 13 साल से अधिक समय से दोस्त हैं और काफी समय से साथ में फिल्म करना चाहते थे। अब जब हमें सही विषय और किरदार मिल गया है तो हम इस पर काम करने को तैयार हैं। यह मेरे करियर की सबसे बड़ी फिल्म होगी...अन्य जानकारियां जल्द साझा की जाएंगी।'' 'मैरी कॉम', 'अलीगढ़', 'सरबजीत' और 'झुंड' जैसी फिल्मों का निर्माण कर चुके सिंह ने कहा कि कंगना रनौत के साथ काम करने का मौका मिलना सपना पूरा होने जैसा है।

